kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-68 ❒ बुधवार, 08 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



भारतीय परंपराओं के साथ संतुलित करना आवश्यक है, ताकि समावेशी और जिम्मेदार समाज का निर्माण किया जा सके। आधुनिक तकनीक, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, शिक्षा और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सी.पी. राधाकृष्णन

पाकिस्तान कितने टुकड़ों में बंटेगा, भगवान ही जाने : राजनाथ 11

मुख्यमंत्री ने 12वें इंडिया रबर एक्सपो का किया उद्घाटन 12

## संक्षेप

### प्रशिक्षण के लिए 21 प्रशिक्षु आईएएस को जिले आवंटित

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने यूपी कॉडर के वर्ष 2025 बैच के 21 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए जिलों का आवंटन कर दिया है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम देवराज ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किया। जिलों में ये अधिकारी सहायक मजिस्ट्रेट और सहायक कलेक्टर के रूप में काम करेंगे। शक्ति दुबे को मुरादाबाद, कोमल पुनिया इटावा, आदित्य विक्रम अग्रवाल अयोध्या, मयंक त्रिपाठी कुशीनगर, हेमंत आगरा, संस्कृति द्विवेदी को हरदोई में तैनाती दी गई है। रिया सैनी वाराणसी, शिवांस सुभाष जगाड़े बलरामपुर, शिवम सिंह प्रयागराज, सलोनी गौतम मथुरा, सिद्धार्थ सिंह को आजमगढ़ में तैनाती दी गई है। श्वेता लखनऊ, रेखा सियाक बांदा, आयुष जायसवाल अलीगढ़, अपूर्वा सिंह बस्ती, आयुष सैनी झांसी, मुकुल खंडेलवाल गोरखपुर, थनीगैयारासन टी अंबेडकरनगर, संदीप कुमार कानपुर नगर, रामभोश सरन सहारनपुर और विद्यांशु शेखर झा को बाराबंकी में तैनाती दी गई है। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को राज्य सरकार में योगदान देने के लिए आवश्यक यात्रा व्यवस्था व मदद करने के लिए विजय कुमार विशेष सचिव नियुक्ति को नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया है। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी 17 अप्रैल को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मंसूरी से कार्यमुक्त होने के बाद जिलों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### असम पुलिस हिमंत सरमा की पत्नी की प्राथमिकी के बाद जांच के लिये खेड़ा के घर पहुंची

नयी दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज कराई गयी प्राथमिकी के सिलसिले में पूछताछ के लिये असम पुलिस की एक टीम श्री खेड़ा के राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर पहुंची है ।

श्री खेड़ा ने हाल ही में यह आरोप लगाया था कि श्रीमती सरमा के पास तीन विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अघोषित संपत्तियां हैं।

मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया था। श्रीमती सरमा ने इन आरोपों पर श्री खेड़ा के खिलाफ असम की क्राइम ब्रांच में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सूत्रों के मुताबिक असम पुलिस की टीम इसी मामले में पूछताछ के लिये श्री खेड़ा के आवास पर आई है। शुरुआती रिपोर्टों में कहा गया था कि दिल्ली पुलिस ने इसमें शामिल होने से इनकार किया है, लेकिन नए सूत्रों ने पुष्टि की है कि उन्होंने श्री खेड़ा के घर पर असम पुलिस टीम की मदद की है। रिपोर्टों के अनुसार श्री खेड़ा अभी गुवाहाटी में हैं ।

# शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के मानदेय में ऐतिहासिक वृद्धि

## कैबिनेट फैसला : शिक्षामित्रों का मानदेय 18,000 और अंशकालिक अनुदेशकों का 17,000 किया गया

- ❒ बढ़ा हुआ मानदेय एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा और मई माह में दिए जाने वाले भुगतान में यह वृद्धि शामिल होगी
- ❒ निर्णय से प्रदेश सरकार पर 1475.27 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त व्यय भार आने का अनुमान



**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा पर मुहर लगाते हुए प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में बड़ी बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। शिक्षा मित्रों को अब दस हजार के स्थान पर 18 हजार रुपये और अंशकालिक अनुदेशकों को नौ हजार के स्थान पर 17 हजार रुपये मिलेंगे।

इस निर्णय से प्रदेश के 1.43 लाख शिक्षा मित्रों और करीब 25 हजार अनुदेशकों को सीधा लाभ मिलेगा और शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इससे सरकार पर कुल 1475.27 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार, वर्ष 2017 में 10,000 निर्धारित किए गए शिक्षामित्रों के मानदेय को अब बढ़ाकर 18,000 प्रतिमाह कर दिया गया है। इसी प्रकार अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय को बढ़ाकर अब 17,000 प्रतिमाह कर दिया गया है। बढ़ा हुआ मानदेय अप्रैल से लागू हो जाएगा। यह निर्णय उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र 2026 के प्रथम सत्र में मुख्यमंत्री की घोषणा के मद्देनज़र लिया गया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि बढ़ा हुआ मानदेय वर्ष में 11 माह के लिए देय होगा। 1.43 लाख शिक्षामित्रों को मिलेगा लाभकैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 1,42,929 शिक्षामित्र कार्यरत हैं। इनमें से 1,29,332 शिक्षामित्रों का मानदेय अब तक केंद्र सरकार से समग्र शिक्षा अभियान के तहत 60:40 अनुपात में प्राप्त होता था। समग्र शिक्षा अभियान के तहत केंद्रांश के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा तथा अनुमोदन प्राप्त न होने की स्थिति में बढ़े हुए मानदेय के कारण इन पर आने वाला अतिरिक्त 1138.12 करोड़ का व्यय राज्य सरकार वहन करेगी। वहीं शेष 13,597 शिक्षामित्र, जिनका भुगतान पूरी तरह राज्य सरकार द्वारा किया जाता है, उनके लिए 119.65 करोड़ का अतिरिक्त व्यय भार भी प्रदेश सरकार उठाएगी। करीब 25 हजार अनुदेशक होंगे लाभान्वितसंदीप सिंह ने बताया कि इसी प्रकार अंशकालिक अनुदेशकों को भी बड़ी राहत दी गई है। वर्ष 2017 में निर्धारित 9,000 मानदेय को बढ़ाकर अब 17,000 प्रतिमाह कर दिया गया है। प्रदेश के 13,769 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वर्तमान में 24,717 अंशकालिक अनुदेशक कार्यरत हैं। इस वृद्धि से राज्य सरकार पर 217.50 करोड़ का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बढ़ा हुआ मानदेय एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा और मई में दिए जाने वाले भुगतान में यह वृद्धि शामिल होगी।

### 403 करोड़ रुपये से बदलेगा प्रदेश का सांस्कृतिक परिदृश्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में महापुरुषों की विरासत को सहेजने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में 10 स्मारकों के विकास का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 'डा. बीआर. अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना' को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इस योजना में महापुरुषों, समाज सुधारकों और सांस्कृतिक विभूतियों की मूर्तियों का संरक्षण, सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सरकार के इस फैसले को वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में दलित वोट बैंक को लुभाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। इसके योजना के तहत राज्य सरकार बाबा साहब ● शेष पेज 11 पर

### ग्रेटर नोएडा में बनेगा 'मेट्रो विश्वविद्यालय'

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के अंतर्गत 'मेट्रो विश्वविद्यालय' की स्थापना को मंजूरी दे दी गई। यह फैसला प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के प्रावधानों के अंतर्गत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अधिनियम के तहत निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना, उनके विनियमन ● शेष पेज 11 पर

# एसआईआर के तहत 90 लाख से ज्यादा नाम हटे

**बंगाल चुनाव**

- ❒ पश्चिम बंगाल में एसआईआर के तहत विचाराधीन सूची से हटाए गए नामों का जिलावार विवरण जारी
- ❒ चुनाव से पहले हलचल तेज, कई जिलों में भारी असर

**एजेंसी**

कोलकाता। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 'विचाराधीन' सूची से हटाए गए नामों का जिला-वार विवरण जारी कर दिया है।

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, लगभग 60 लाख मतदाताओं की इस श्रेणी में से 27 लाख,16 हजार, 393 नाम हटा दिए गए हैं। इसके साथ ही सात अप्रैल तक पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से हटाए गए नामों की कुल संख्या बढ़कर 90 लाख, 83 हजार, 345 हो गई है।

गौरतलब है कि इससे पहले आयोग ने 28 फरवरी को प्रकाशित पहली सूची में 63 लाख , 66 हजार, 952 नाम हटाए थे। अब इसमें 27 लाख से अधिक नए नाम जुड़ने के बाद यह आंकड़ा एक करोड़ के करीब पहुंच गया है, जिसने चुनावों से ठीक पहले राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, मुर्शिदाबाद जिले में विचाराधीन सूची से सर्वाधिक 4 लाख ,55 हजार, 137 नाम हटाए गए हैं। अगर 28 फरवरी की पहली सूची में हटाए गए 2 लाख, 93 हजार, 822 नामों को भी जोड़ लिया जाए, तो अकेले मुर्शिदाबाद में ही अब तक लगभग 7 लाख, 49 हजार नाम काटे जा चुके हैं। हालांकि विचाराधीन सूची के मामले में मुर्शिदाबाद शीर्ष पर है, लेकिन दोनों सूचियों के संयुक्त आंकड़ों को देखें तो उत्तर 24 परगना सर्वाधिक प्रभावित जिला बनकर उभरा है। आयोग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर 24 परगना में विचाराधीन सूची से तीन लाख, 25 हजार,




666 नाम हटाए गए। पूर्व में हटाए गए 12 लाख, 60 हजार, 96 नामों को मिलाकर इस जिले में कुल कटौती का आंकड़ा सबसे अधिक 15 लाख, 82 हजार, 762 तक पहुंच गया है। दक्षिण 24 परगना में भी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कम हुए हैं, जहाँ दोनों सूचियों को मिलाकर कुल 10 लाख, 91 हजार, 98 नाम हटाए गए हैं। इसी प्रकार मालदा जिले में विचाराधीन सूची से दो लाख, 39 हजार, 375 नाम हटाए गए, जिससे यहाँ कुल कटौती चार लाख, 59 हजार, 530 हो गई है। अन्य जिलों में भी बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने की पुष्टि हुई है। पूर्व मेदिनीपुर में कुल एक लाख, 65 हजार, 345 मतदाता हटाए गए हैं, जबकि अकेले कोलकाता में दो चरणों के दौरान कुल 6 लाख, 97 हजार, 160 नाम सूची से बाहर किए गए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित होने से पहले ही लगभग 58 लाख नाम हटा दिए गए थे। इसके बाद 28 फरवरी की अंतिम ● शेष पेज 11 पर

# लैंगिक समानता के चश्मे से नहीं देखी जा सकतीं ज़रूरी धार्मिक प्रथाएं

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू हो गई है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि सभी संवैधानिक प्रश्नों को केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता और 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध का बचाव किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षता में नौ न्यायाधीशों की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना, एम. एम. सुंद्रेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। केन्द्र और केरल सरकार ने अपने पक्ष में कहा कि यह प्रतिबंध मंदिर के देवता की प्रकृति से जुड़ा एक ''आवश्यक धार्मिक आचरण'' है, जो

- ❒ सबरीमला मंदिर मामले में केंद्र ने शीर्ष अदालत से कहा



न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि भारत में धार्मिक विविधता है और विभिन्न धर्मों तथा संप्रदायों की अपनी-अपनी परंपराएं हैं, जिन्हें समझते हुए अदालत को निर्णय करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत धार्मिक सिद्धांतों की जांच नहीं कर रही है बल्कि संवैधानिक व्याख्या कर रही है और इसमें विविधता को ध्यान में रखना जरूरी है। गौरतलब है कि 28 सितंबर 2018 को उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 4:1 बहुमत से मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर आयु संबंधी प्रतिबंध हटा दिया था। जनवरी 2020 में उच्चतम न्यायालय ने इस मामले की समीक्षा के लिए नौ न्यायाधीशों की पीठ गठित की थी और 10 फरवरी 2020 को यह माना था कि ● शेष पेज 11 पर

# मणिपुर में फिर हिंसा भड़कने के बाद इंटरनेट प्रतिबंधित, कर्फ्यू लागू

इंफाल/बिष्णुपुर। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मंगलवार को कुकी उग्रवादियों के संदिग्ध हमले में दो बच्चों की हत्या के बाद अधिकारियों ने घाटी के प्रमुख क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाने के साथ-साथ इंटरनेट सेवाओं को भी अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। कुकी उग्रवादियों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगा है, जिसके चलते बिष्णुपुर जिले और आसपास के इलाकों में व्यापक अशांति और भय का माहौल बन गया है। मणिपुर सरकार ने इसके जवाब में कानून-व्यवस्था को और बिगड़ने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं।

बिष्णुपुर जिले की जिला मजिस्ट्रेट पूजा एलांगबम ने बिष्णुपुर के लिए कर्फ्यू का आदेश जारी किया है। उन्होंने घोषणा की कि 3 मार्च को लगाए गए प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक लागू रहेंगे। प्रशासन ने कहा कि स्थिति अभी भी अस्थिर बनी हुई है और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लोगों की आवाजाही पर सख्त नियंत्रण आवश्यक है। कर्फ्यू के बावजूद आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को ● शेष पेज 11 पर

# ईरान के खार्ग आइलैंड पर हमला

## डेडलाइन खत्म होने से पहले ऑयल टर्मिनल को निशाना बनाया

**एजेंसी**

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान के प्राइमरी क्रूड ऑयल एक्सपोर्ट हब को खर्ग द्वीप को अमेरिका ने निशाना बनाया है। अमेरिकी वायुसेना की ओर से खर्ग द्वीप पर मंगलवार को बड़े पैमाने पर बमबारी की गई। ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के हर पुल और पावर प्लांट को उड़ाने की धमकी दी थी। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वे युद्ध अपराध करने की चिंता बिल्कुल नहीं कर रहे हैं और उन्होंने ईरान की बुनियादी सुविधाओं को नष्ट करने की धमकी जारी रखी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि हर पावर प्लांट जलता हुआ, फटता हुआ और फिर कभी इस्तेमाल न होने वाला रहेगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि मुझे ऐसा नहीं करना पड़े।'

ईरान के लिए खर्ग द्वीप बेहद अहम है क्योंकि यह देश के कच्चे तेल के निर्यात का मुख्य केंद्र है। फारस की खाड़ी में स्थित यह छोटा सा द्वीप ईरान के तट से




लगभग 25-30 किलोमीटर दूर है। यहां से ईरान के कुल कच्चे तेल निर्यात का करीब 90 प्रतिशत गुजरता है। मुख्य तेल क्षेत्रों जैसे अहह्वाज, मारुन और गचसारान से पाइपलाइनों के जरिए तेल यहां पहुंचता है, जहां 30 मिलियन बैरल तक का भंडारण क्षमता है। गहरे पानी होने के कारण यहां 10 सुपरटैंकर एक साथ लोड हो सकते हैं, जिसकी दैनिक क्षमता लगभग 7 मिलियन बैरल है। तेल मुख्य रूप से चीन और एशियाई बाजारों को निर्यात होता है, जो ईरान की विदेशी मुद्रा कमाने का प्रमुख स्रोत है। खर्ग द्वीप ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, क्योंकि तेल निर्यात से मिलने वाला राजस्व सरकारी बजट और सैन्य खर्च को चलाता है। अगर खर्ग द्वीप पर कोई गंभीर हमला या व्यवधान होता है, तो ईरान का तेल निर्यात लगभग ठप हो जाएगा, जिससे अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचेगा। इसी कारण इसे ईरान की आर्थिक जीवनरेखा या क्राउन ज्वेल कहा जाता है। हाल के संघर्षों ● शेष पेज 11 पर

# बेमौसम बारिश खेती किसानी के लिये आफत

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में तेज रफ्तार हवाओं के बीच बारिश और ओलावृष्टि ने किसानो की नींद हराम कर दी है। मौसम विभाग ने नौ अप्रैल तक आंधी बारिश की संभावना जताते हुये ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

बीते शनिवार और रविवार को आंधी,बारिश और ओलावृष्टि ने कानपुर,उन्नाव,जालौन,औरैया समेत कई स्थानो पर जमकर कहर बरपाया था। मौसम की मार से खेत खलिहान में पड़ी फसल को व्यापक नुकसान हुआ था। सोमवार को धूप खिलने से किसान अपनी बची खुची फसल को सुरक्षित करने का प्रयास कर रहे थे कि आज यानी मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में बारिश ने एक बार फिर प्रकोप दिखाया। हालांकि मौसम विभाग ने कल ही मौसम के बिगड़े मिजाज की भविष्यवाणी कर किसानो को सावधान कर दिया था। मौसम विभाग के ताजा



अपडेट के अनुसार प्रदेश में सात से नौ अप्रैल के दौरान तेज आंधी, गरज-चमक, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश की संभावना जताते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और विभिन्न चक्रवाती परिसंचरणों के संयुक्त प्रभाव से प्रदेश में मौसम में बदलाव आएगा। 7 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्षा का दौर शुरू होकर 9 अप्रैल तक पूर्वी हिस्सों की ओर बढ़ने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में अगले 48 घंटों में 6 से 8 डिग्री ● शेष पेज 11 पर

# भारत के राजा सिर्फ राम, दूसरा कोई नहीं : योगी

**एजेंसी**

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन राजा केवल प्रभु श्री राम हैं और उनके अलावा कोई दूसरा नहीं हो सकता।

वृंदावन में संत मलूकदास महाराज की 452वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत समाज को संबोधित करते हुए न केवल भक्ति मार्ग की महिमा बताई, बल्कि विरासत और विकास के मुद्दे पर विरोधियों को भी आड़े हाथों लिया।

मंच से जनचेतना जागृत करते हुए मुख्यमंत्री ने गोस्वामी तुलसीदास का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, ''लोग कहते हैं कि तुलसीदास जी एक गरीब ब्राह्मण थे, लेकिन सत्य तो यह है कि वे स्वाभिमान के प्रतीक थे। उन्होंने मुगल काल के सबसे शक्तिशाली बादशाह के प्रस्ताव को यह कहकर ठुकरा दिया था कि वह किसी सांसारिक बादशाह को नहीं जानते। उनके लिए ब्रह्मांड के इकलौते राजा केवल राम हैं।'' योगी ने आगे कहा कि मध्यकाल में जब विदेशी आक्रांताओं के कारण सनातन




धर्म पर अंधकार छाया था, तब भक्ति की इसी धारा ने राष्ट्र को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में संभल के हरिहर मंदिर और अयोध्या के संघर्ष का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि संभल में 1526 में बाबर के अनुयायियों ने संभल में हरिहर मंदिर को नष्ट किया था, जहाँ 67 तीर्थ और 19 कुएं थे। वर्ष 1976 और 1978 के दंगों का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि पिछली सपा सरकार में हिंदुओं की हत्या के आरोपियों के मुकदमे वापस लिए गए थे। लेकिन आज वहां सड़कें, धर्मशालाएं और परिक्रमा मार्ग बन रहे हैं।योगी ने कहा कि जब संत एक स्वर में बोलते हैं, तो अयोध्या का 500 वर्षों का कलंक मिट जाता है। काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या के कायाकल्प की चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि 2017 से पहले अयोध्या में महज 3 घंटे बिजली मिलती थी और गलियां संकरी थीं। आज अयोध्या 'त्रेतायुग' की भव्यता की याद दिलाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास तभी सार्थक है जब हमारी विरासत सुरक्षित रहे।संतों की एकता में इतनी ताकत है कि 500 साल का संघर्ष खत्म हो सकता है, तो पूरा सनातन समाज एकजुट होकर किसी भी हिंदू विरोधी षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगा। योगी ने कहा कि मूलकदास जी महाराज ने मुगल काल के चार शासकों अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब का दौर देखा और उस समय की चुनौतियों का सामना किया। इसके बावजूद संतों ने कभी अपने आदर्शों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारत की संत परंपरा ने सदैव समाज में जागरूकता और आध्यात्मिक चेतना का संचार किया, जिसके आधार पर आज का सांस्कृतिक भारत खड़ा है। मुख्यमंत्री ने तुलसीदास का उदाहरण देते हुए कहा कि मुगल सम्राट अकबर द्वारा दिए गए प्रलोभनों के बावजूद उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। तुलसीदास जी ने स्पष्ट कहा था कि वे किसी बादशाह को नहीं जानते, उनके लिए केवल भगवान राम ही सर्वोच्च हैं। यही कारण है कि आज भी रामलीलाओं में राजा रामचंद्र की जय का उद्घोष गूंजता है, जो भारतीय आस्था और सनातन परंपरा की जीवंत पहचान है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशेषता यह है कि जहां एक ओर फिल्में कुछ दिनों में भुला दी जाती हैं, वहीं संतों की कथाएं और धार्मिक आयोजन सदियों तक लोगों को जोड़ते हैं। लाखों श्रद्धालु कथा के हर प्रसंग को जानते हुए भी घंटों बैठकर उसे सुनते हैं और अपने जीवन में ● शेष पेज 11 पर

# संतों के आशीर्वाद से भारत बनेगा 'विश्व गुरु' : भागवत

मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी अशांति के बीच अब वह समय आ गया है जब भारत 'विश्व गुरु' बनकर दुनिया को सुख और शांति का नया मार्ग दिखाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि संतों के 'संतत्व', आध्यात्मिक प्रेरणा और सत्य के मार्ग पर चलकर ही एक सुंदर दुनिया का निर्माण संभव है। भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ इस पावन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संतों के साथ मिलकर निरंतर प्रयास करेगा। मंगलवार को वृंदावन के वंशीवट क्षेत्र स्थित मलूक पीठ में संत मलूकदास महाराज के 452वें जयंती महोत्सव को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि आज पूरी दुनिया को भारत के प्रकाश की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हमारी रीति और नीति पूरी तरह से आध्यात्मिक परंपराओं पर आधारित होनी चाहिए। भागवत ने कहा, ''सत्य के आधार पर जीवन खड़ा होना चाहिए। हमें संतों का सानिध्य प्राप्त है और उनके शब्दों के पीछे छिपे भाव को आत्मसात कर हमें आगे बढ़ना है। मलूक पीठ ने 452 वर्षों से इस महान परंपरा को जीवंत रखा है, जो सभी के लिए ● शेष पेज 11 पर

# भाजपा अम्बेडकर के बनाए संविधान को नहीं मानती : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकतंत्र और संविधान विरोधी बताते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को नहीं मानती है। उन्होंने कहा कि भाजपा साजिश करके लोकतंत्र की पवित्रता को नष्ट करती है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आये नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से श्री यादव ने कहा कि ल्लपीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) की ताकत के सामने भाजपा टिक नहीं पाएगी।ङ्क उन्होंने दावा किया कि पीडीए की एकजुटता से भाजपा घबराई हुई है और समाजवादी पार्टी उसे लोकतंत्र की हत्या नहीं करने देगी।

उन्होंने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पीडीए वर्ग को उनका अधिकार और सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा। पार्टी का लक्ष्य सामाजिक न्याय की स्थापना है, जबकि भाजपा इस विचारधारा के खिलाफ काम कर रही है। श्री यादव ने भाजपा सरकार पर प्रदेश को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर हैं। उन्होंने कहा कि हर विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ा है और कमीशनखोरी तथा मुनाफाखोरी के कारण जनता परेशान है।

सपा प्रमुख ने बिजली व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि अब बिजली उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर के माध्यम से लूट रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले किसानों को नैनो यूरिया के माध्यम से नुकसान पहुंचाया गया और अब बिजली उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर के जरिए परेशान किया जा रहा है।

अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भाजपा को सत्ता से हटाने के लक्ष्य के साथ जनता के बीच जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के हटने से ही लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित रहेगा, भ्रष्टाचार और महंगाई खत्म होगी तथा युवाओं को रोजगार मिलेगा।

# गोरखपुर में वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय को कैबिनेट की मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- कैम्पियरगंज क्षेत्र में लगभग 50 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा विश्वविद्यालय, 491 करोड़ रुपये से अधिक आएगी लागत
- वानिकी एवं औद्यानिकी में संचालित किए जाएंगे बीएससी, एमएससी, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर में बनने वाले 'उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय' को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने इसके लिए ल्लउत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश-2026ङ्क के प्रख्यापन को स्वीकृति प्रदान की है। 491 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यह विश्वविद्यालय कैम्पियरगंज क्षेत्र में लगभग 50 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जाएगा। योगी सरकार वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के लिए इस वर्ष प्रस्तुत प्रदेश के बजट में भी 50 करोड़ रुपये पास कर चुकी है। गोरखपुर के इस पांचवें विश्वविद्यालय में वानिकी, औद्यानिकी, वन्य जीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एग्रोफॉरेस्ट्री, फल एवं बागवानी सहित कई आधुनिक विषयों में बीएससी, एमएससी, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य वनावरण बढ़ाना, जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करना, किसानों और छात्रों को आधुनिक प्रशिक्षण देना तथा कृषि और पर्यावरण के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देना है। इस फैसले से प्रदेश में हरित विकास, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए योगी सरकार और गोरखपुर के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो जाएगी। इसके पहले सरकार ने दुनिया के पहले राजगिद्ध (जटायु) संरक्षण केंद्र की स्थापना गोरखपुर में ही की है। 6 सितंबर 2024 को कैम्पियरगंज में दुनिया के पहले राजगिद्ध जटायु (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र के उद्घाटन अवसर पर सीएम योगी ने जटायु संरक्षण केंद्र के समीप ही वानिकी विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा की थी। अब इसे कैबिनेट की भी मंजूरी मिल गई है। यह उत्तर भारत का पहला और पूरे देश का दूसरा वानिकी विश्वविद्यालय होगा। इस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए गोरखपुर वन प्रभाग ने जटायु संरक्षण केंद्र के समीप ही 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित कर प्रक्रियात्मक तैयारी तेज कर दी है। गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) विकास यादव का कहना है कि वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय में वानिकी के अलावा कृषि वानिकी, सामाजिक वानिकी और औद्यानिक के भी डिग्री और डिप्लोमा कोर्स संचालित कराने की योजना है ताकि बड़ी संख्या में युवाओं के सामने नौकरी और रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब शिलान्यास की तैयारी और तेज की जाएगी।

## मिशन शक्ति फ़ेज 5.0: सरायइनायत में महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कमिश्नरेट प्रयागराज के थाना सरायइनायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगई खुर्द सहसों में मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न सुरक्षा उपायों और अधिकारों की जानकारी दी गई। इस दौरान उप निरीक्षक अनीता यादव, उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह तथा महिला आरक्षी वर्तिका सिंह ने वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और पुलिस हेल्पलाइन 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय बताते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया।

## नचना गांव में किशोरी का शव मिलने से सनसनी

**प्रयागराज ।** यमुनानगर कौंधियारा क्षेत्र के नचना गांव में एक 22 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में शौचालय के पास मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान साक्षी तिवारी पुत्री अवनीश तिवारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सोमवार रात करीब 11 बजे वह शौच के लिए बाहर गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। खोजबीन करने पर वह शौचालय के पास पड़ी मिली, शरीर काला पड़ चुका था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है और मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## थ्रेसर में फंसकर युवक की दर्दनाक मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगानगर बहरिया थाना क्षेत्र के मिझूरा गांव में गेहूं की मड़ाई के दौरान एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे 22 वर्षीय सुमित कुमार गौतम थ्रेसर मशीन की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि वह बोरी में गेहूं भर रहे थे, तभी अचानक उनका हाथ थ्रेसर में फंस गया और वह मशीन के अंदर खिंचते चले गए। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## बीएससी छात्र ने फांसी लगाकर दी जान, घर में मचा कोहराम

**प्रयागराज** बीएससी के एक छात्र ने परीक्षा में फ़ेल होने के बाद आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान आशुतोष सोनी के रूप में हुई है, जो रज्जू भैया यूनिवर्सिटी से बीएससी पांचवें सेमेस्टर का छात्र था। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले घोषित हुए परिणाम में वह फ़ेल हो गया था, जिसके बाद से वह काफी तनाव में रहने लगा था। देर रात उसने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह परिजनों ने उसे कमरे में फंदे से लटका देखा, जिससे घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

## सभी गोशालाओं में स्थापित हो भूसा बैंक : मेश्राम

कानपुर। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव पशुधन मुकेश मेश्राम ने कानपुर मंडल में गौ संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर सभी जिलो में गौशालाओं के लिए 'भूसा बैंक' स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त शिविर कार्यालय में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि गौआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के लिए वर्ष भर भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक गौशाला में प्रति पशु प्रतिदिन चार किलोग्राम भूसे के मानक के अनुसार वार्षिक आवश्यकता का आकलन कर समय से भंडारण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशालाओं में भूसा, हरा चारा, चोकर एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण और टैगिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। खाली पड़े अस्थायी गौआश्रय स्थलों का उपयोग भूसा भंडारण के लिए करने और स्थानीय किसानों से समन्वय स्थापित कर चारे की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। अपर मुख्य सचिव ने स्वदेशी नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि साहीवाल और गिर नस्ल के सेक्स सॉर्टेड सीमेन के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान कराया जाए, जिससे उन्नत नस्ल की संतति प्राप्त हो सके। उन्होंने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर से जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट और गोबर गैस जैसे उत्पाद तैयार करने पर भी बल दिया। बैठक में मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन सहित सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व अपर मुख्य सचिव ने चौबेपुर और कल्याणपुर विकासखंड के गौआश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुधार के निर्देश दिए।

## सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़क निर्माण में आमजन को न हो परेशानी: महापौर

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में सीएम ग्रिड फ़ेज-2 योजना के तहत बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य को लेकर महापौर डॉ. अजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर निगम के शाकुंभरी सभागार में आयोजित बैठक में महापौर ने परियोजना से जुड़े अधिकारियों, कार्यदायी संस्था और क्षेत्रीय लोगों के साथ चर्चा की। इस दौरान परियोजना का डेमो भी प्रस्तुत किया गया। परियोजना के तहत अनुपम स्वीट्स से जैन कॉलेज रोड, आवास विकास होते हुए दिल्ली रोड स्थित मोहन पाण्डेय अस्पताल तक करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस पर लगभग 38 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत आएगी और कार्य पूर्ण करने की समयसीमा 11 मार्च 2027 निर्धारित की गई है।

कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान वाटर लाइन, सीवर लाइन, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, भूमिगत विद्युत लाइन, डक्ट, फुटपाथ, स्ट्रीट लाइट, रोड साइनेज तथा हरितकरण जैसे कार्य किए जाएंगे। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि पिछले अनुभवों को देखते हुए इस बार कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाए ताकि सड़क चालू रहे और लोगों को असुविधा न हो। उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील की।

बैठक में पार्षद दिग्विजय चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने जलभराव, नालों की लेवलिंग, अतिक्रमण हटाने और फुटपाथ की ऊंचाई जैसे मुद्दों पर सुझाव दिए। अधिकारियों ने तकनीकी पहलुओं से अवगत कराते हुए आश्वासन दिया कि सभी सुझावों को ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाएगा। बैठक में स्मार्ट सिटी, जल निगम और विद्युत विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पीपीपी मॉडल पर अब 49 बस स्टेशनों का होगा कायाकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे यूपी के बस स्टेशन
- डीबीएफओटी आधार पर शॉपिंग मॉल, सिनेमाघर और अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ विकसित होंगे बस अड्डे
- परिवहन विभाग से जुड़े कुल तीन प्रस्तावों को कैबिनेट से मिली स्वीकृति



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक निजी सहभागिता (पीपीपी) मॉडल पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशनों के विकास के द्वितीय चरण को मंजूरी दे दी गई है। इस चरण में प्रारंभिक रूप से प्रस्तावित 54 बस स्टेशनों में से 6 अनुपयुक्त स्टेशनों को हटाते हुए तथा जनपद चंदौली को शामिल करते हुए कुल 49 बस स्टेशनों को विकसित किया जाएगा। यह परियोजना पीपीपी के डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ट, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) मॉडल पर लागू की जाएगी, जिसमें राज्य सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं आएगा।

प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि परियोजना के तहत बस स्टेशनों को अत्याधुनिक स्वरूप दिया जाएगा, जहां यात्रियों को शॉपिंग मॉल, सिनेमाघर, बेहतर प्रतीक्षालय, स्वच्छता एवं अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पात्रता शर्तों में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। तकनीकी क्षमता की शर्त को परियोजना लागत के 150% से घटाकर 100% किया गया है, वहीं परियोजनाओं को पूरा करने की समय सीमा 5 से बढ़ाकर 8 वर्ष कर दी गई है। नेट वर्थ की अनिवार्यता परियोजना लागत का 25% निर्धारित की गई है तथा कंसोर्टियम में सदस्यों की अधिकतम संख्या 3 से बढ़ाकर 4 कर दी गई है।

सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने पर परियोजना का काम शुरू करने की समय सीमा भी 6 माह से बढ़ाकर 12 माह कर दी गई है। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी स्थलों पर 2.5 फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) और ग्राउंड कवरेज की निःशुल्क अनुमति देने का प्रस्ताव है। लीज अवधि 35 या 90 वर्ष निर्धारित की गई है और इसके समाप्त होने पर स्वामित्व स्वतः ही उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन को प्राप्त हो जाएगा। कैबिनेट ने यह भी निर्णय लिया है कि बिडिंग प्रक्रिया के दौरान यदि किसी संशोधन की आवश्यकता होती है, तो उसके लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि इस योजना के प्रथम चरण में 23 बस स्टेशनों (लखनऊ, कानपुर, आगरा सहित) को पहले ही स्वीकृति दी जा चुकी है और द्वितीय चरण के 49 बस अड्डों के साथ अब कुल 52 जनपद इस योजना से आच्छादित हो जाएंगे, जबकि शेष 23 जनपदों को अगले चरण में शामिल किया जाएगा। परियोजना में ?4000 करोड़ से अधिक निवेश आने का अनुमान है (पहले चरण में लगभग ?2500 करोड़), जिसके तहत बस अड्डों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करते हुए वीआईपी लाउंज, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल और ठहरने की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कुल क्षेत्रफल का लगभग 55% हिस्सा सार्वजनिक सुविधाओं और 45% व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपयोग होगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि कैबिनेट में मंजूर किए गए अन्य प्रस्तावों के तहत सिकंदराराऊ (हाथरस), नरौरा (बुलंदशहर) और तुलसीपुर (बलरामपुर) में नए बस अड्डों के निर्माण हेतु निःशुल्क भूमि हस्तांतरण को मंजूरी दी गई है। परियोजना के तहत निर्माण कार्य दो वर्षों में पूरा करने तथा व्यावसायिक गतिविधियों को सात वर्षों में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में प्रतिदिन 15 से 23 लाख यात्री परिवहन सेवाओं का उपयोग करते हैं, जो त्योहारों के दौरान 30 से 35 लाख तक पहुंच जाते हैं, ऐसे में यह योजना यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के साथ ही शहरी भीड़भाड़ कम करने में भी सहायक होगी। नरौरा में बस स्टेशन के साथ डिपो कार्यशाला स्थापित की जाएगी, जबकि तुलसीपुर में देवीपाटन मंदिर के निकट यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक बस स्टेशन का निर्माण होगा। इन बस स्टेशनों को आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां दुकानों और फूड कोर्ट जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

# जनशताब्दी में छूटा सेना के जवान का बैग, रेलवे कर्मी ने लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन में पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उनकी सुरक्षा और सहूलियत का भी विशेष ध्यान रख रहा है। स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे कर्मचारी 24 घंटे मुस्तैद रहते हैं।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में 'रेल मदद' ऐप, हेल्पलाइन नंबर 139, एसएमएस और वेब के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। इसी क्रम में 07 अप्रैल 2026 को गाड़ी संख्या 15125 बनारसऽपटना जनशताब्दी एक्सप्रेस के डी-1 कोच में यात्रा कर रहे एक सेना के जवान का कीमती सामान से भरा बैग ट्रेन में ही छूट गया। बैग में महत्वपूर्ण दस्तावेज, निजी सामान और कीमती आभूषण रखे हुए थे। टिकट जांच के दौरान मुख्य टिकट निरीक्षक कृष्णानंद को बर्थ संख्या 54 पर यह बैग मिला। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए पीएनआर के माध्यम से यात्री की पहचान की और मोबाइल नंबर प्राप्त कर उनसे संपर्क स्थापित किया। इसके बाद उन्होंने यात्री को ट्रेन पर बुलाकर पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ बैग सुरक्षित रूप से सौंप दिया। बैग में रखे सभी सामान सुरक्षित पाए गए। सेना के जवान ने इस सराहनीय कार्य के लिए रेलवे कर्मचारी का आभार व्यक्त किया और रेलवे प्रशासन की प्रशंसा की। यह घटना रेलवे कर्मचारियों की ईमानदारी, सतर्कता और यात्रियों के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

# महापौर और नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। नगर निगम आगामी बरसात के मौसम में शहर को जलभराव की समस्या से मुक्त रखने के लिए की तैयारी में जुटा हुआ है । इस क्रम में मंगलवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने वार्ड संख्या 59 (रमरेपुर), वार्ड संख्या 56 (लालपुर मीरापुर बसही) और वार्ड संख्या 41 (अकथा) का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान नालों की बदहाल स्थिति व अतिक्रमण देख महापौर ने ड्रोन सर्वे के माध्यम सीमांकन करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण की शुरुआत रमरेपुर वार्ड के काली मंदिर से भक्ति नगर रोड स्थित नाले से हुई। यह नाला शांतिपुरम कॉलोनी होते हुए वरुणा नदी में गिरता है। इसके बाद महापौर व नगर आयुक्त अकथा वार्ड स्थित नरोखर नाला पहुंचे। अशोक इंस्टीट्यूट के पास स्थित इस नाले की स्थिति अत्यंत दयनीय पाई गई। नाला गंदगी से पटा था और इसके किनारों पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण मिला। महापौर ने नालों की वास्तविक स्थिति जानने .और उनकी सीमाओं को निर्धारित करने के लिए ड्रोन सर्वे कराया जाएगा, जिसके बाद सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं ?लालपुर मीरापुर बसही के ऐढे ग्राम स्थित काजी हाउस के निरीक्षण के दौरान महापौर को कई खामियां मिलीं। वहां स्वच्छता व्यवस्था भी अनुकुल नहीं मिली । पशुपालन व बाउंड्री निर्माण के कार्यो में भारी लापरवाही उजागर हुई। महापौर ने तत्काल प्रभाव से व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के साथ नगर आयुक्त से संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया ।

महापौर बताया कि इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बरसात के दौरान जल निकासी को सुचारु बनाए रखना है ताकि नागरिकों को जलभराव की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जल निकासी के मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पार्षद अशोक मौर्य, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष पाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदी के नेतृत्व में वाराणसी में बन रहा भव्य : दयालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। विश्व की प्राचीनतम जीवंत नगरी काशी की आध्यात्मिक आभा सदियों से समूचे विश्व को अपनी ओर आकर्षित करती रही है, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस दिव्य नगरी को एक नए भव्य स्वरूप में प्रतिष्ठित किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ''दयालु'' ने मंगलवार को कहा कि काशी की दिव्यता तो सनातन काल से जगत को आलोकित करती रही है, परंतु प्रधानमंत्री मोदी ने इसे स्वच्छ, सुसज्जित और भव्य काशी के रूप में नया आयाम दिया है। मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के निर्माण के पश्चात बाबा भोलेनाथ की नगरी में देश ही नहीं, बल्कि विश्व के कोने-कोने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों का अभूतपूर्व आगमन हो रहा है। उन्होंने कहा कि काशी अब केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और वैश्विक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शनार्थी यहां पहुंच रहे हैं, जिनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार निरंतर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है। उन्होंने बताया कि नगर के प्रमुख धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था तथा शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। हाल के दिनों में अनेक प्रमुख स्थलों और विद्यालयों में वाटर कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।

आयुष मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि चौखंभा स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, पंचगंगा घाट स्थित तैलंग स्वामी मंदिर, दारानगर स्थित महामृत्युंजय मंदिर, शुल्टनकेश्वर मंदिर, शंखठा माता मंदिर तथा ब्रह्मचारिणी माता मंदिर समेत अनेक प्रमुख धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर सौर प्रकाश व्यवस्था स्थापित करने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों का उद्देश्य काशी आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना तथा धार्मिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना है। इससे एक ओर जहां रात्रिकालीन दर्शन और आवागमन सुगम होगा, वहीं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सौर ऊर्जा का उपयोग एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-सिग/टेंडर/02/2026-27 |
| कार्य का नाम | सिग्नलिंग इंस्टालेशन की विश्वसनीयता में सुधार, i.C.W. उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के सीनियर डीएसटीई/सी/एलकेओ के अनुभाग में सिग्नल दृश्यता में सुधार और सिग्नल विफलता के सुधार समय को कम करना |
| अनुमानित लागत | रु0 30568602.33/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु0 611400.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 210 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.04.2026 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू0सं0-106-सिग/टेंडर/02/2026-27 दिनांक: 06.04.2026** **1149/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन पैकेज पर मुहर

## उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की संस्तुतियों के आधार पर एलओसी, सब्सिडी और संशोधन प्रस्ताव स्वीकृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के अंतर्गत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति (एचएलईसी) की संस्तुतियों को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय के तहत राज्य में संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कंफर्ट (ख्रधए) जारी करने, पूंजीगत सब्सिडी उपलब्ध कराने तथा परियोजनाओं में आवश्यक संशोधन को स्वीकृति दी गई है, जिससे उद्योगों को संचालन में सहूलियत मिलेगी और उनकी वित्तीय व्यवहार्यता मजबूत होगी। कैबिनेट में कुल 22 प्रस्तावों को हरी झंडी दिखाई गई।

अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष रखे गए प्रस्तावों में 6 नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, एक इकाई के सब्सिडी क्लेम और एक परियोजना में संशोधित एलओसी को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर में ओएफसी टेक प्रा लि (589 करोड़ रुपये) एवं हाथरस में एजेआई केन इंडस्ट्रीज (1128 करोड़ रुपये) को एसजीएसटी प्रतिपूर्ति के लिए एलओसी जारी किए जाने की मंजूरी दी गई है। वहीं गोरखपुर स्थित इंडिया ग्लाइकोल्स लि. (669 करोड़ रुपये) और प्रयागराज की विस्कोस इंटरनेशनल प्रा. लि. (269 करोड़ रुपये) तथा गौतमबुद्ध नगर की इंटीग्रेटेड बैटरीज इंडिया प्रा. लि. (रुपये 1146 करोड़) को पूंजीगत सब्सिडी प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिससे इन इकाइयों की लागत में कमी आएगी और उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त मुरादाबाद में त्रिवेणी इंजीनियरिंग को पूंजीगत सब्सिडी वितरण की स्वीकृति दी गई है। साथ ही गौतमबुद्ध नगर स्थित आवादा इलेक्ट्रो लि. के 16,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट में संशोधन (ख्रधए में बदलाव) प्रस्ताव को भी कैबिनेट द्वारा अनुमोदित किया गया है, जिससे परियोजना के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक बाधाओं को दूर किया जा सकेगा।

बैठक में विशेष रूप से सोलर सेल और मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े बड़े निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिससे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र को ग्रीन एनर्जी हब के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। इन परियोजनाओं से सोलर उपकरणों के आयात पर निर्भरता घटेगी और प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## कैम्पियरगंज क्षेत्र में 50 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय

**❐ 491 करोड़ रुपये से अधिक आएगी लागत**

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर में बनने वाले 'उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय' को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने इसके लिए उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश-2026 के प्रख्यापन को स्वीकृति प्रदान की है। 491 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यह विश्वविद्यालय कैम्पियरगंज क्षेत्र में लगभग 50 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जाएगा। योगी सरकार वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के लिए इस वर्ष प्रस्तुत प्रदेश के बजट में भी 50 करोड़ रुपये पास कर चुकी है। गोरखपुर के इस पांचवें विश्वविद्यालय में वानिकी, औद्यानिकी, वन्य जीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एग्रोफॉरेस्ट्री, फल एवं बागवानी सहित कई आधुनिक विषयों में बीएससी, एमएससी, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य वनावरण बढ़ाना, जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करना, किसानों और छात्रों को आधुनिक प्रशिक्षण देना तथा कृषि और पर्यावरण के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देना है। इस फैसले से प्रदेश में हरित विकास, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए योगी सरकार और गोरखपुर के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो जाएगी। इसके पहले सरकार ने दुनिया के पहले राजगिद्ध (जटायु) संरक्षण केंद्र की स्थापना गोरखपुर में ही की है। 6 सितंबर 2024 को कैम्पियरगंज में दुनिया के पहले राजगिद्ध जटायु (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र के उद्घाटन अवसर पर सीएम योगी ने जटायु संरक्षण केंद्र के समीप ही वानिकी विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा की थी। अब इसे कैबिनेट की भी मंजूरी मिल गई है।



### मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत स्कूल मे चला जागरूकता अभियान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 अभियान के तहत दिनांक 7 अप्रेल 2026 को सेंट माइकल्स स्कूल कपूरथला थाना अलीगंज जनपद लखनऊ मे बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इस अभियान मे महिलाओं व बच्चों से सम्बंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1090,181,1076 एवं अन्य महत्वपूर्ण नंबरो के साथ ही महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, साइबर क्राइम, यूपी कॉप एप, आदि के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई साथ ही साइबर क्राइम से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम मे उपनिरीक्षक रवींद्रनाथ प्रजापति उपनिरीक्षक शिवानी मिश्रा तथा उपनिरीक्षक प्रगति सिंह द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।

### बंद पड़े मकान से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र के लौलाई इलाके में चोरों ने एक बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना आइडियल पब्लिक स्कूल के पास की है, जहां अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश कर नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार, पीड़ित आदर्श कुमार पाण्डेय 29 मार्च से 5 अप्रैल तक अपने परिवार के साथ गांव गए हुए थे। इस दौरान उनका मकान पूरी तरह बंद था। चोरों ने इसी का फायदा उठाते हुए घर की छत पर लगी लोहे की जाली काटी और अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने पूरे घर को खंगाल डाला और कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। रविवार को जब परिवार गांव से वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए। जांच करने पर पता चला कि घर से करीब 30-40 हजार रुपये नकद, सोने की दो बालियां, चांदी के जेवर, एक चांदी का सिक्का, समेत अन्य कीमती सामान गायब है। घटना की सूचना सोमवार को पुलिस को दी गई, जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

### प्रज्ञान-2026 का आगाज़, गांधी वॉरियर्स की जीत




**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आरआर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार को वार्षिकोत्सव 'प्रज्ञान-2026' का शुभारंभ सचिव चित्रांशु अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर निदेशक प्रो. एस.एस. चौहान सहित संस्थान के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।पहले दिन खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। क्रिकेट के उद्घाटन मैच में आरआर गांधी वॉरियर्स ने आरआर शक्तिमान को 6 रन से हराया। गांधी वॉरियर्स ने 6 ओवर में 68 रन बनाए, जबकि शक्तिमान टीम 62 रन ही बना सकी। धुरंधर पाल सिंह ने नाबाद 33 रन व 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता।अन्य प्रतियोगिताओं में गर्ल्स बैडमिंटन में अदिति मिश्रा, बॉयज बैडमिंटन में शुभम बिंद व अब्दुल बारी, रस्साकशी में विशाल कुमार की टीम, कबड्डी में शिवम की टीम और वॉलीबॉल में स्पाइकरकिंग टीम विजेता रही। संस्थान के अनुसार आगामी दिनों में सांस्कृतिक व तकनीकी कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

### तेज रफ्तार कार का कहर: बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी टक्कर, दोनों गंभीर रूप से घायल

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को कनकहां पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार डिजायर कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार,35 वर्षीय प्रदीप कुमार तिवारी निवासी ग्राम जोहवा हिसार, थाना बछरावां, जनपद रायबरेली अपने पिता त्रिभुवन नाथ तिवारी को बाइक से लेकर मोहनलालगंज क्षेत्र में एमआरआई कराने आए थे। जांच के बाद जब दोनों वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी दोपहर में कनकहां पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार डिजायर कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल मोहनलालगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए पीजीआई के ट्रामा सेंटर 2 रेफर कर दिया।मिली जानकारी के मुताबिक त्रिभुवन नाथ तिवारी के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि प्रदीप कुमार भी घायल हैं। परिजन भी सूचना पाकर मौके पर पहुंच गए और एंबुलेंस की मदद से दोनों को ट्रामा सेंटर ले जाया गया।पुलिस के अनुसार, अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

### उप्र एटीएस ने शामली से चार संदिग्धों को उठाया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने शामली जिले में अलग-अलग जगहों पर छापेमार कर एक महिला समेत चार संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। इन लोगों पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। जानकारी के अनुसार सहारनपुर से आई एटीएस टीम ने मंगलवार की सुबह शामली जनपद में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की है। कैराना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए चार संदिग्धों को उठाया है। पूछताछ के बाद टीम चारों को अपने साथ ले गई। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि राशिद और उसकी पत्नी समेत चार लोगों को कार सवार युवक अपने साथ ले गए हैं। राशिद नकली करेंसी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने मामले से कुछ भी बताने से इनकार किया है। एटीएस की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। एटीएस ने यह कार्रवाई कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद की है।

## नाका बाजार में इलेक्ट्रॉनिक गोदामों में लगी आग, लाखों का नुकसान जला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नाका क्षेत्र स्थित दो इलेक्ट्रॉनिक गोदामों में आग भड़क उठी। देखते ही देखते गोदामों से घना धुआं उठने लगा, जिससे आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। हालात को बिगड़ता देख लोगों ने तुरंत डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

सूचना मिलते ही हजरतगंज और आलमबाग फायर स्टेशन से दमकल की दो-दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। शुरुआती समय में आग इतनी तेज थी कि दमकल कर्मियों को बाहर से ही पानी की बौछार करनी पड़ी। काफी देर तक लगातार प्रयास के बाद जब धुएं की कुछ कम हुआ, तब टीम ने गोदाम का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आग पर काबू पाने की कार्रवाई शुरु की।

करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। इस हादसे में गोदाम में रखा लगभग सारा सामान जलकर राख हो गया। फायर विभाग के एफएसओ राम कुमार राठव ने बताया कि कंट्रोल रूम से आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही टीम तुरंत मौके के लिए रवाना हुई थी। मौके पर पहुंचने पर आग विकराल रूप ले चुकी थी, जिसके चलते अतिरिक्त दमकल गाड़ियों को भी बुलाना पड़ा। उन्होंने बताया कि गोदाम का शटर बंद होने के कारण अंदर पहुंचने में दिक्कत आई, लेकिन शटर तोड़कर आग बुझाने में सफलता मिली।

## शादी समारोह में लगी आग, लाखों का नुकसान

लखनऊ। दुबग्गा क्षेत्र स्थित हाजी कॉलोनी में मंगलवार शाम अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया।सूचना पर स्थानीय पुलिस व दमकल की एक गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, खाली प्लाट और छत पर रखी शादी समारोह की डिजाइन वाली डाई अज्ञात कारणों से जल उठी। पड़ोसियों ने पहले आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।मालिक विपिन कुमार ने बताया कि आग लगने से तीन से चार लाख रुपए की डाई जलकर राख हो गई। उन्होंने बताया कि आग की चपेट में आने के बाद सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची और मामले की जांच की जा रही है।

## लापता युवक का सड़क किनारे मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। निगोहां कस्बे में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब सड़क किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान नदौली गांव निवासी 22 वर्षीय रैकिश रावत के रूप में हुई है, जो सोमवार सुबह से लापता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रैकिश रावत सोमवार सुबह ब्रम्हदासपुर निवासी मिस्त्री नंदकिशोर और निगोहां के मजदूर साथी रामराज टैटू के साथ लखनऊ काम करने गया था। परिजनों के मुताबिक देर शाम तक घर न लौटने पर परिवार के लोग चिंतित हो गए और उसकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन पूरी रात खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका। मंगलवार सुबह निगोहां गांव स्थित गैस गोदाम के पास बाबुखेड़ा मार्ग किनारे उसका शव पड़ा मिला। राहगीरों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के बड़े भाई लवकुश ने बताया कि रैकिश को शराब पीने की आदत थी, लेकिन इस तरह संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से परिवार को हत्या की आशंका है। परिजनों ने उसके साथ काम पर गए मजदूर साथियों पर शक जताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच और जल्द कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

## भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर तेज हुई हलचल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। अमेठी मंडल स्थित श्री हरि पैलेस में 9 व 10 अप्रैल 2026 तथा गोसाईगंज मंडल के विशाल गार्डन में 10 व 11 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के मद्देनजर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हंसराज रावत ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा तथा पदाधिकारियों को समय से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान भाजपा का महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्यक्रम है, जिसमें कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाएं और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## कर्मियों की विभागीय कार्रवाई व सर्तकता जांच भी मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज होगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्य सरकार ने राज्य कर्मियों के खिलाफ चल रही जांच, विभागीय कार्रवाई और सतर्कता जांच संबंधी सूचना को मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम. देवराज ने इस संबंध में मंगलवार को शासनादेश जारी करते हुए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश भेजते हुए इसे कड़ाई से पालन करने को कहा है। प्रमुख सचिव की ओर से जारी शासनादेश में कहा गया है कि प्रदेश में मानव संपदा पोर्टल के सभी ऑफिस एडमिन आईडी अपने रिपोर्टिंग में कार्यरत सभी कार्मियों की जानकारी अपडेट करेंगे। विभागीय कार्रवाई से संबंधित स्थिति यूजर लॉगिन विंडो में अपडेट करेंगे।

यह काम ऑफिस एडमिन लॉगिन से किया जाएगा। प्रदेश के सभी रिपोर्टिंग कार्यालयों के नोडल ऑफिस एडमिन आईडी के माध्यम से मानव संपदा पोर्टल में लॉगिन करेंगे और इसके बाद ऐसे सभी कार्मिकों की स्थिति को दर्ज करेंगे। जिन कार्मिकों के संबंध में विभागीय कार्रवाई, सतर्कता जांच है, उन मामलों में खुलने वाले फार्म में संबंधित कॉलम में हां लिखा जाएगा। संबंधित विभागीय कार्रवाई और सतर्कता जांच संबंधित जानकारी ऑनलाइन उसके सर्विस बुक में भी दर्ज किया जाएगा। जिस कार्मिक के खिलाफ कोई जांच नहीं है, उसके फार्म के आगे नहीं लिखा जाएगा। विभागीय अधिकारियों को ऑनलाइन अपडेट करने के लिए प्रारूप भी भेजा गया है, जिससे वे इसके आधार पर इस प्रक्रिया को जल्द पूरी कर लें।

### लखनऊ में विधानभवन के सामने महिला ने आत्मदाह का किया प्रयास, पुलिस ने बचाया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विधानभवन के सामने मंगलवार को एक महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया। भवन की सुरक्षा में मुस्तैद सुरक्षाकर्मियों ने महिला को बचा लिया। इससे पहले भी महिला ने भवन के सामने जान देने की कोशिश की थी। पुलिस पूछताछ में पीड़ित महिला ने बताया कि उसका नाम संध्या सिंह और गाजीपुर इंदिरा नगर के सेक्टर 22 की रहने वाली है। उसका मानकनगर क्षेत्र में 1600 वर्ग गज की जमीन है, जिस पर कुछ लोगों ने जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। उसने कई बार पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उसकी फरियाद को सुना नहीं गया। पुलिस और जिला प्रशासन की हीलाहवाली की वजह से उसने 27 फरवरी को भी विधानभवन के सामने आत्मदाह का प्रयास किया था, लेकिन उस समय मौजूद पुलिस अफसरों ने उसके साथ न्याय और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाकर शांत करा लिया था।

**नारी शक्ति को संवैधानिक अधिकार: मोदी सरकार का ऐतिहासिक फैसला, विपक्ष की राजनीति उजागर**

## महिला आरक्षण पर विपक्ष अब भी असमंजस में: डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।दशकों तक केवल वादों और राजनीतिक बयानबाज़ी में उलझे रहे सदन में महिला आरक्षण के मुद्दे को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में साकार कर दिया। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान सुनिश्चित करना न केवल एक ऐतिहासिक निर्णय है, बल्कि यह देश की आधी आबादी को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण केवल एक नीतिगत घोषणा नहीं, बल्कि एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान बन चुका है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली अनेक योजनाओं ने समाज के हर वर्ग की महिलाओं को नई शक्ति, सम्मान और अवसर प्रदान किए हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी श्रृंखला का सबसे सशक्त और परिवर्तनकारी कदम है।

उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उन्होंने महिला आरक्षण के मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया, लेकिन कभी इसे अंतिम रूप तक नहीं पहुंचाया। आज जब यह ऐतिहासिक कानून कानून के रूप में पारित हो चुका है, जिसका क्रियान्वयन आगामी प्रक्रिया से जुड़ा है, और 16 से 18 अप्रैल तक प्रस्तावित विशेष संसद सत्र में इसके प्रभावी क्रियान्वयन व प्रक्रियात्मक पहलुओं पर चर्चा की जा रही है, तब भी विपक्ष द्वारा लगातार व्यवधान और विरोध करना उनकी नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करता है। डॉ. सिंह ने प्रश्न उठाया कि क्या कांग्रेस और उसका नेतृत्व वास्तव में महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी देना चाहते हैं, या फिर वे इस मुद्दे को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं? उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जी का नेतृत्व है, जिसने दशकों की देरी को समाप्त कर ठोस निर्णय लिया, वहीं दूसरी ओर विपक्ष है, जो आज भी भ्रम और विरोध की राजनीति में उलझा हुआ है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि एक सशक्त वास्तविकता है—और इसका श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ संकल्प, स्पष्ट दृष्टि और प्रभावी नेतृत्व को जाता है।

## किसानों को मिले उचित मुआवजा : रामाशीष

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुई ओलावृष्टि एवं असामयिक वर्षा से किसानों को हुए भारी नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रभावित किसानों को तत्काल उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। डॉ. राय ने कहा कि देश और प्रदेश का अन्नदाता दिन-रात कड़ी मेहनत करके अपने खून-पसीने से फसल तैयार करता है, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं के कारण उसकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है। हाल ही में हुई ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश के चलते किसानों की खड़ी फसलें नष्ट हो गई हैं, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। ऐसी परिस्थितियों में सरकार का दायित्व बनता है कि वह किसानों के साथ खड़ी रहे और उन्हें त्वरित राहत प्रदान करे। उन्होंने मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान का सही आकलन करते हुए किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

❒ जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी मातृ सुरक्षा केन्द्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाय

सीतापुर । जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी मातृ सुरक्षा केन्द्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी फैसिलिटी और एफआरयू प्रभावी रूप से संचालित कराये जाए और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। पीएमएसएमए एवं वीएचएसएनडी दिवसों का प्रभावी रूप से आयोजित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का प्रभावी रूप से संचालन कराया जाय और इसके लिए अधिक से अधिक जांचे की जाये। चिन्हित मरीजों को समुचित उपचार तथा शासन द्वारा दी जा रही सुविधाएं प्रदान की जायें।जिलाधिकारी ने कहा कि खराब प्रगति वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति में सुधार किया जाय।

सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाये तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। प्रसव के दौरान समस्त सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। ड्यू लिस्ट के अनुसार शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को सुचारू रूप से संचालित किया जाये। फैमिली प्लानिंग हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करें तथा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किये मुख्यालय न छोड़ें। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड की प्रगति में सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जीरो पावर्टी से आच्छादित परिवारों का शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड जारी कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी चिकित्सालयों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें तथा रेफरल के सभी मामलों की प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा समीक्षा अवश्य की जाये।बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त सहित जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्य एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमलापुर से हमीरपुर जर्जर मार्ग की मरम्मत को लेकर उठी मांग

कमलापुर। कमलापुर से हमीरपुर तक अत्यंत जर्जर एवं गड्ढों से युक्त मार्ग की दयनीय स्थिति को लेकर क्षेत्रीय जनमानस में बढ़ती समस्याओं के समाधान हेतु सत्य प्रकाश सिंह, अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह फाउंडेशन द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड प्रथम को एक औपचारिक पत्र प्रेषित किया गया है। उक्त पत्र में मार्ग की खराब स्थिति के कारण आवागमन में हो रही कठिनाइयों, दुर्घटनाओं की आशंका तथा आम जनता, विद्यार्थियों एवं आपातकालीन सेवाओं पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव का विस्तृत उल्लेख किया गया है।श्री सिंह ने अपने पत्र में मार्ग की शीघ्र मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण की मांग करते हुए कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की प्रमुख संपर्क धुरी है, जिसकी उपेक्षा से स्थानीय विकास बाधित हो रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।उक्त विषय की गंभीरता को देखते हुए पवन सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद ने भी इस पत्र का संज्ञान लेते हुए अपना समर्थन प्रदान किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए मार्ग के शीघ्र सुधार हेतु प्रभावी कदम उठाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

# जनसुनवाई में पहुंचा आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला! सकरन की सीडीपीओ पर नियमों को कुचलने का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

❒ विधवा महिला ने लगाया हक छीनने का आरोप, पात्रता के बावजूद चयन से बाहर जांच की मांग तेज

सकरन, सीतापुर । विकासखंड सकरन में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती को लेकर अब मामला खुलकर जनसुनवाई पोर्टल तक पहुंच गया है, जिससे पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। ग्राम मड़ोर निवासी ऊषा देवी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में सीडीपीओ सकरन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार कर मनमानी तरीके से चयन किया।

जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत के अनुसार, प्रार्थिनी ऊषा देवी जो कि एक विधवा महिला हैं उन्होंने आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन किया था। शिकायत में उल्लेख है कि सभी पात्रताओं को पूरा करने के बावजूद उनका चयन नहीं किया गया, जबकि उनके स्थान पर कथित रूप से अपात्र अभ्यर्थी को चयनित कर दिया गया।पीड़िता का आरोप है कि यह पूरा खेल सीडीपीओ स्तर से संचालित हुआ, जहां शासनादेशों की अनदेखी करते हुए गलत तरीके से चयन प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। इतना ही नहीं, शिकायत में यह भी कहा गया है कि कई बार संबंधित अधिकारी को फोन कर जानकारी लेने की कोशिश की गई, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि उनके साथ न्याय नहीं हुआ तो वे आगे उच्च स्तर पर शिकायत करने को मजबूर होंगी।इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर सकरन के प्रशासनिक तंत्र की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह उठ रहा है कि जब पात्र अभ्यर्थियों को दरकिनार कर मनमानी की जा रही है, तो आखिर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई कब होगी?अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मामले में कितनी तेजी और निष्पक्षता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है। फिलहाल, जनसुनवाई में दर्ज यह शिकायत सकरन की आंगनबाड़ी भर्ती में कथित भ्रष्टाचार की बड़ी परत खोलती नजर आ रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका चयन में अब सीडीपीओ सकरन पर भ्रष्टाचार के खुलकर आरोप लगने लगे हैं जिन्होने पूर्व वर्षो में अपनी ऊँची पहुँच व पकड़ के जरिए सकरन में आंगनबाड़ी चयन में बड़े फर्जीवाड़े कर अपात्रों का चयन करने का काम किया था जोकि पुनः एकबार फिर नियम कायदों को ताक पर रख फिर मनमानी चयन कर मोटी रकम हड़पने का काम करने जा रही हैं जिसके चलते मदनापुर, कम्हरीया महरिया, बोहरा, शाहपुर से बड़ी शिकायतें अख़बारों की स्याही खराब कर सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेन्स की नीति की धज्जियाँ उड़ा विपक्षी पार्टियों को सरकार को घेरने का मौका दे रही हैं।

# डीएम की सख्ती: मनमानी फीस वसूली पर कार्रवाई के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

❒ नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों पर लगेगा भारी जुर्माना

❒ डीएम आज राजकीय इण्टर कॉलेज, सीतापुर के सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद/माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद्/सीबीएसई0/आईसीएसई के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं जिला शुल्क नियामक समिति के साथ अत्यावश्यक बैठक की

सीतापुर। उत्तर प्रदेश शासन के पत्र दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के साथ पठित विधायी अनुभाग-1 की अधिसूचना दिनांक 12 सितम्बर, 2018 द्वारा उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क निर्धारण) अध्यादेश, 2018 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 6 सन 2018) (यथा संशोधित 2020) में शुल्क विनियमन के प्रदत्त प्राविधान एवं अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक विषयों पर विचार-विमर्श हेतु जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में आज राजकीय इण्टर कॉलेज, सीतापुर के सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद/माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद्/सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं जिला शुल्क नियामक समिति (डी0एफ0 आर0सी0) के साथ अत्यावश्यक बैठक की गयी है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाचार्यों से विद्यालयों में छात्रों के प्रवेश एवं शुल्क हेतु मानकानुसार अनिवार्य शुल्क, वैकल्पिक शुल्क व अन्य विभिन्न शुल्क को अधिसूचना में इंगित प्रावधानों के अन्तर्गत ही निर्धारित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये, इसके अतिरिक्त शुल्क सम्बन्धी एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई एवं जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि आगामी शैक्षणिक वर्ष की फीस का विवरण सत्र आरंभ से पूर्व प्रस्तुत करना होगा। सक्षम प्राधिकारी/डी0एफ0आर0सी0 की अनुमति के बिना मध्य सत्र में पूर्व सूचित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जाये। जिला समिति अनुमत सीमा से अधिक शुल्क वृद्धि प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार कर सकती है।

विद्यालय वर्ष भर की पूरी फीस एक साथ लेने का नियम नहीं बना सकता। (मासिक, तिमाही या छमाही शुल्क लेने की घोषणा प्रवेश पूर्व करनी होगी), किसी भी प्रकार का डोनेशन या कैपिटेशन फीस लेना मना है। भुगतान के लिए रसीद देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि विद्यालय विशेष दुकानदार से किताबें, यूनिफार्म आदि खरीदनें के लिए बाध्य नहीं कर सकता है। ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल और भ्रमण जैसी विकल्प आधारित सेवाओं की फीस सिर्फ तभी ली जा सकती है, जब छात्र उनका उपयोग कर रहा हो। डी0एफ0आर0सी0 की अनुमति बिना विद्यालय द्वारा पाँच लगातार शैक्षणिक वर्ष के भीतर विद्यालय पोशाक में परिवर्तन नहीं किया जायेगा। नियम का पालन न करने पर दण्ड या मान्यता रद्द की जा सकती है।

विद्यालय के विरूद्ध दण्ड हेतु व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने बताया कि नियम उल्लंघन पर दण्ड (विद्यालय के विरुद्ध) हेतु अधिनियम के उपबंधों का प्रथम बार उल्लंघन करने पर अधिसूचित शुल्क से अधिक उदग्रहीत शुल्क वापस करने के साथ-साथ रू0-1,00,000 तक अर्थदण्ड होगा। अधिनियम के उपबन्धों का दूसरी बार उल्लंघन करने पर अधिसूचित शुल्क से अधिक उदग्रहीत शुल्क वापस करने के साथ-साथ रू0-5,00,000 तक अर्थदण्ड लगाया जायेगा तथा अधिनियम के उपबंधों का तीसरी बार उल्लंघन करने पर विकास निधि की अनुमति वापस, अर्थदण्ड के साथ सम्बन्धित विद्यालय की परिषद से प्राप्त मान्यता/सम्बद्धता को वापस लिये जाने की संस्तुति की जायेगी।

# पुलिस महानिरीक्षक ने थाना कमलापुर का किया आकस्मिक निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

सीतापुर। पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ किरण एस. द्वारा थाना कमलापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और अभिलेखों के सही रख-रखाव एवं विभिन्न पोर्टल एवं एप्प पर डाटा फीडिंग को सुनिश्चित करना।

### निरीक्षण के मुख्य बिंदु, अभिलेखों की समीक्षा

महानिरीक्षक महोदय द्वारा थाना कार्यालय के अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर और फ्लाई शीट आदि रजिस्टरों में की जाने वाले प्रविष्टियों एवं रख-रखाव का अवलोकन किया गया।

### कंप्यूटर कक्ष एवं परिसर का निरीक्षण

थाना परिसर स्थित साइबर सेल, कंप्यूटर कक्ष, कार्यालय तथा बैरक और भोजनालय की साफ-सफाई का जायजा लिया गया। साथ ही यक्ष एप्प पर डाटा फीडिंग एवं एप्प के प्रशिक्षण और विभिन्न पोर्टल्स पर डेटा फीडिंग की प्रगति की समीक्षा की गई।

### मिशन शक्ति एवं जनसुनवाई

'मिशन शक्ति' केंद्र के निरीक्षण के दौरान महोदय ने उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया कि वे पीड़ित महिलाओं के साथ अत्यंत मृदुल एवं संवेदनशील व्यवहार करें। महोदय ने निर्देश दिया कि सकारात्मक आश्वासन और त्वरित कार्यवाही के बाद आवेदकों से शत-प्रतिशत फीडबैक लिया जाय।

### पुलिस कर्मियों से संवाद

बीट में नियुक्त पुलिस कर्मियों से वार्ता की गई। महोदय द्वारा पुलिस कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सघन गश्त करने, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी करने तथा जनता के बीच 'पुलिस मित्र' के रूप में पहचान बनाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बीट सूचना तंत्र को मजबूत करने के टिप्स दिये गये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गन्ना किसानों के लिए बड़ा फैसला, 50 अनुदान पर मिलेंगे कृषि यंत्र

सुलतानपुर। सहकारी गन्ना विकास समिति लि सुलतानपुर की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में गन्ना किसानों के हित में बड़े और अहम फैसले लिए गए। रूद्रनगर स्थित समिति कार्यालय में अयक्ष शिवपाल सिंह उर्फ गांाी सिंह की अयक्षता में आयोजित बैठक में 50 प्रतिशत अनुदान पर .षि यंत्र उपलब कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद उपायक्ष सत्यनारायण तिवारी की मौजूद्गी में सचिव तुलसीराम यादव ने वार्षिक बजट प्रस्तुत किया, जिस पर मुहर लगाते हुए इसे पास कर दिया गया। बैठक में समिति कार्यालय की रंगाई-पुताई सहित आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का भी निर्णय लिया गया।

## सेना में भर्ती हेतु युवाओं को मिला मार्गदर्शन, नायब सूबेदार ने दी अहम जानकारी



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थल सेना भर्ती कार्यालय, बरेली से नायब सूबेदार संजय कुमार के द्वारा कैडेट्स को अग्निवीर में प्रवेश होने के लिए जरूरी बातें बताई जिसमें दस्तावेज, सैलरी पैकेज, सिलेक्शन %, और आगामी भर्ती के लिए आरक्षण के बारे में जानकारी दी। और उन्होंने सीतापुर गांव में जाकर नौ जवानों को सेना में आने के लिए प्रोत्साहित किया ।

# सब्जी और फल मंडी में लगी आग, लाखों का नुकसान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

❒ सपा जिलाध्यक्ष ने किया मौका मुआयना, मुआवजा दिलाने व क्षतिग्रस्त दुकानों को तत्काल बनवाने की मांग

शाहजहांपुर। बीती देर रात थाना रोजा क्षेत्र की सब्जी और फल मंडी में अचानक आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर सब्जी और फल की करीब 20 दुकानें जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। व्यापारियों का कहना है कि इस भीषण आग से उनकी आढ़तों पर लाखों का रखा प्याज, लहसुन, खीरा, सेब, केला, पपीता आदि जलकर राख हो गया। सूचना पर आज सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान मंडी समिति रौजा पहुंचे और पीड़ित व्यापारियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने फोन करके मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार और मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप को बुलाया और उनके साथ क्षतिग्रस्त दुकानों का मौका मुआयना किया। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने अधिकारियों से कहा कि आग लगने से छोटे व्यापारियों का करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने व क्षतिग्रस्त दुकानों को तत्काल बनवाने की मांग की। कहा कि अगर छोटे व्यापारियों की अनदेखी की गई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। वहीं, नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मुआवजे व दुकान बनवाने के लिए मंडी परिसर की ओर से कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस दौरान दयाशंकर वर्मा, नदीम, आसिफ रजा, आसिफ कुरैशी, रवि कुमार, संजीव वर्मा, यश मौर्य, अशोक सिंह, फराज इदरीसी, रानू खान, खालिद खान, सिद्दीक खान, साजिद अली, विवेक कुमार, जितेंद्र वर्मा आदि पीड़ित व्यापारी मौजूद रहे।

# जमुरावां गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



रायबरेली। शिक्षा क्षेत्र महराजगंज के जमुरावां गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से किया गया।विद्यालय परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम प्रधानाध्यापक छोटेलाल और मंच संचालक महेश कश्यप की देखरेख में संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, देश भक्ति गीत, समूह नृत्य, कविता पाठ और विभिन्न शैक्षिक प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर अभिभावकों और अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिसर मे उत्सव जैसा माहौल बना रहा और पूरे कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य कराती हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान अनुराग चौधरी प्रधानाध्यापक छोटेलाल, मंच संचालक महेश कश्यप, पूनम, स्नेह लता वर्मा, शकुंतला, प्रदीप कुमार चौरसिया, राजरानी, सरिता सिंह, दिनेश कुमार, मंजू देवी, रीता सिंह, ललिता मिश्रा, इंद्रेश सिंह, संजीव कुमार समेत अन्य शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की प्रधानाध्यापक छोटेलाल ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर शैक्षिक सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को मंच मिल सके। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंध समिति शिक्षकों अभिभावकों और ग्राम वासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की।

## महिला के कान से कुंडल नोच कर बदमाश फरार

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मैगलगंज क्षेत्र में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। सोमवार को एक महिला के साथ दिनदहाड़े कुंडल नोचने की वारदात ने क्षेत्र में दहशत फैला दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला अपने घर जा रही थी तभी टाकीज वाली गली में तीन बाइक सवार युवकों ने उसे निशाना बनाया। बदमाशों ने बेखौफ अंदाज में महिला के कानों से कुंडल नोच लिए और मौके से फरार हो गए।घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मैगलगंज में अपराधी खुलेआम वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते हैं। वहीं पुलिस की कार्यवाही अक्सर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच तक ही सीमित रह जाती है, जिसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।इस घटना ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रवासियों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## डीएम ने नवनिर्मित मुक्तिधाम का फीता काटकर किया लोकार्पण



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कृभको फर्टिलाइजर्स द्वारा सीएसआर निधि के अंतर्गत ग्राम पिपरौला अहमदपुर में नवनिर्मित मुक्तिधाम का फीता काटकर लोकार्पण किया और मुक्तिधाम परिसर का निरीक्षण कर वृक्षारोपण भी किया। डीएम ने निर्देश दिए कि मुक्तिधाम परिसर में एक सूचना बोर्ड स्थापित किया जाए। साथ ही परिसर में श्रीमद भगवत गीता के प्रेरणादायक श्लोकों को लिखवाया जाए, ताकि यहां आने वाले लोगों को आध्यात्मिक संदेश भी प्राप्त हो सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने कृभको फर्टिलाइजर्स फैक्ट्री का भी दौरा किया और फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने फैक्ट्री परिसर स्थित पुष्प वाटिका में वृक्षारोपण किया। साथ ही अमोनिया प्लांट का निरीक्षण कर उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। वहीं, फैक्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों ने डीएम को फैक्ट्री की स्थापना, उत्पादन प्रक्रिया एवं अमोनिया प्रोसेसिंग के विभिन्न चरणों के बारे में बताया। इस दौरान कृभको फर्टिलाइजर्स फैक्ट्री के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# उचौलिया थाने में आगामी त्यौहारों को लेकर थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

❒ सीओ मोहम्मदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



लखीमपुर खीरी। उचौलिया थाने में आगामी त्यौहारो में वैशाखी, अम्बेडर जयंती व परशुराम जयंती को लेरक उचौलिया थाने में बीते शाम करीब 04:30 बजे पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।मिली विधिवत जानकारी के अनुसार बीते दिन देर शाम को उचौलिया थाने में आगामी त्यौहारो को लेकर एक बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान जिन गांव में बाबा अम्बेडर साहब की लगी मूर्ति लगी है उन पर मालार्पण, गांव में शोभायात्रा व क्षेत्र में निकलने वाली रैली व जुलूस को लेकर अति आवश्यक बातें व दिशा निर्देश दिए गए। बैठक मोहम्मदी क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमे सीओ मोहम्मदी व उचौलिया इंस्पेक्टर ने सभी को इन त्यौहारो को शांतिपूर्ण तरीके मनाए जाने की अपील की। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती, बैसाखी और आगामी परशुराम जयंती को लेकर प्रशासन द्वारा पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शांति, सौहार्द और पारंपरिक तरीके से त्योहार मनाने पर जोर दिया गया है। थाना परिसरों में पुलिस और गणमान्य नागरिकों के बीच हुई इन बैठकों में सोशल मीडिया पर निगरानी, जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और लाउडस्पीकर के नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। शांति और सुरक्षाः सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई है।प्रशासनिक सतर्कताः पुलिस प्रशासन ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सामाजिक तनाव फैलाने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सोशल मीडिया पर निगरानीः अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।आयोजन की अनुमतिः रैलियों और जुलूसों के लिए पहले से अनुमति लेने और निर्धारित मार्गों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।आयोजन समितिः अंबेडकर जयंती के लिए विशेष समितियां बनाई जा रही हैं।विशाल आयोजनः 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें बाइक और ट्रैक्टर के साथ जुलूस निकाले जाएंगे।

# भारतीय युवा चेतना मंच ने किया स्वास्थ्य परीक्षण व जागरूकता शिविर आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**




शाहजहांपुर। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भारतीय युवा चेतना मंच ने लाला तेली बजरिया स्थित छत्रपति वीर शिवाजी नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस दौरान प्रसिद्ध सर्जन डॉ. विकास टंडन ने उपस्थित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और संबंधित रोगों के निदान के लिए उन्हें सलाह दी।

इस दौरान संगोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसमें डा. विकास टंडन ने कहा कि जिस तरह लोगों का स्वस्थ रहना जरूरी है, उसी तरह स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना और दूसरे लोगों को जागरूक करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। स्वस्थ रहने के लिए दुआ के साथ दवा का भी सेवन जरूरी है। कहा कि पूजा- पाठ के साथ विज्ञान को भी वरीयता दें। ताकि जीवन में रोगों का सही समय पर निदान हो सके। युवा चेतना मंच के अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने लोगों को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक होने तथा स्वच्छता के प्रति भी जिम्मेदार बने रहने का आह्वान किया। संतोष शर्मा ने काव्य पाठ सुनाया। इसके अलावा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला व आशीष वर्मा ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के शिक्षकों ने सभी अतिथियों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया और युवा चेतना मंच ने शाल उढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मंच संचालन भाजपा नेता रामरक्ष पाल ने किया और अंत में आभार मंच संयोजक प्रदीप कुमार मिश्रा ने व्यक्त किया। इस दौरान मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन से असित मिश्रा, मुरारी दीक्षित, समाजसेवी सदानंद अग्निहोत्री, गोपाल कृष्ण वर्मा, रूप कमल यादव, रामप्रकाश सक्सेना, आशीष वर्मा, हरीश सक्सेना, महावीर प्रसाद मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसपी सौरभ दीक्षित ने आगामी त्याहारों और महापुरुषों की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पैदल गश्त किया और सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने गश्त के दौरान नगर के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा कि अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैदी से उपस्थित रहकर सतर्कतापूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन करें, विशेषकर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी बनाए रखें। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही लोगों से अपील की है कि आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। बता दें कि जनपद पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए लगातार गश्त, निगरानी एवं चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। जिससे आमजन में सुरक्षा का वातावरण स्थापित हो सके तथा जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत सहित थाना सदर बाजार, थाना कोतवाली और महिला थाना पुलिस बल मौजूद रहा।

# केएनआईटी में अनियमित तरीके से हो रही पदोन्नति की शासन में हुई शिकायत

❒ अनियमित पदोन्नति के प्रथम आपत्तिकर्ता अपर निदेशक वित्त के जांच आख्या पर क्यों नह है हस्ताक्षर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। केएनआईटी, सुल्तानपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पद पर नियम विरुद्ध पदोन्नति से करोड़ों रुपए की वित्तीय क्षति होगी। शिकायत कर्ता ने बताया कि इस अनियमित पदोन्नति के मुख्य सूत्राार निदेशक राजीव उपायाय हैं।

अपर निदेशक कोषागार/पेंशन, अयोया नामित वित्त सचिव ने प्रशासनिक परिषद की 62व कार्यवृत्ति के द्वारा 7 वर्ष के अंदर पीएचडी न होने पर इंक्रीमेंट न रोकने एवं बिना पीएचडी प्रमोशन के संबां में आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसके क्रम में कैस के अंतर्गत हुई पदोन्नति का पूरा परीक्षण कराए जाने हेतु प्रशासनिक परिषद ने एक जांच समिति का गठन किया था। समिति की जांच आख्या पर समिति सचिव वित्त (62व प्रशासनिक परिषद द्वारा अनियमित पदोन्नति पर आपत्ति करने वाले अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन, अयोया) के हस्ताक्षर नह है। जो आपत्तिकर्ता के साथ-साथ समिति की सदस्य भी थे। जिससे प्रथम .ष्टि में पता चल रहा है कि जो पदोन्नति होने जा रही वह संदिग है।

शासनादेश एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के विपरीत केएनआईटी के निदेशक ने समिति की अपूर्ण रिपोर्ट को 63 व प्रशासनिक परिषद के मिनट पर अनुमोदित करा कर पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। उक्त प्रकरण पूर्व की कई प्रशासनिक परिषद की बैठक में निरस्त किया जा चुका है। केएनआईटी के निदेशक के द्वारा संस्थान के पूर्व निदेशक के आदेश सख्या -141/3/274/2006 दिनाक 17:06:2006 का भी अनुपालन नह किया जा रहा, जिसके द्वारा सात वर्ष के अंदर पीएचडी न करने पर दिया गया पदनाम निरस्त करने का आदेश दिया गया है और प्राविाकि शिक्षा-अनुभाग 1 के शासनादेश दिनांक 05-11-2018 द्वारा पीएचडी न करने तक वेतन वद्धि रोकने का आदेश दिया गया था तथा निदेशक, केएनआईटी द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश (स्पेशल लीव पेटिशन सिविल डायरी नंबर 1917/2021) का अनुपालन नह जा रहा है। केएनआईटी के वेतन का आहरण वितरण जिलाािकारी सुल्तानपुर के डीडीओ कोड से होता है। अनियमित भुगतान न हो पाए इसके लिए जिलाािकारी महोदय को सजग रहना होगा।

देखना यह है कि जिलाािकारी, सुल्तानपुर द्वारा शासनादेश की विपरीत हो रही पदोन्नति पर क्या कार्यवाही करते हैं? पदोन्नति के प्रकरण को अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन, अयोया के स्पष्ट मार्गदर्शन बाद ही भुगतान की कार्यवाही किया जाना ही उचित होगा। केएनआईटी डायरेक्टर ने बताया कि यह संस्थान का आंतरिक मामला है अभी पदोन्नति हुई नह है। जांच समिति की आख्या पर अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन, अयोया के हस्ताक्षर है। जो हो रहा है शासन के संज्ञान में है।

# शहीदी दिवस पर उपनिरीक्षक को दी श्रद्धाजंलि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गुन्नौर। शहीद उप निरीक्षक (जीडी) जमीरूल हसन का जन्म 10 जुलाई1958 को कस्बा गुन्नौर जिला बदायूं,उत्तर प्रदेश में हुआ था। हसन 01 अप्रैल1980 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में भर्ती हुए थे। 6 अप्रैल 2010 को 62 बटालियन के रिपुबल की श्एश कम्पनी में तैनाती के दौरान तलाशी अभियान से वापस कैम्प के लिए लोट रहे थे तभी सुबह 5 बजे दंतेवाड़ा जिले के चिंतलनार इलाके में नक्सलियों द्वारा कम्पनी पर घात लगाकर हमला किया गया। नक्सलियों द्वारा जवानों पर चारों तरफ से गोलियों की बौछार शुरू कर दी गयी जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की नक्सलियों द्वारा जवानों के पोजीशन लेने वाली जगहों पर पहले से ही प्रेशर बम लगाए गए थे जिससे इनकी चपेट में आने के कारण बहुत से जवान शहीद हो गए।

इन शहीद जवानों में शहीद उप निरीक्षक; (जीडी) जमीरुल हसन भी शामिल थे इनकी शहादत को याद करने व इनके बलिदान को व्यर्थ न जाने देने तथा राष्ट्रविरोधी तत्वों पर विजय पाने के उद्देश्य से आज इनकी शहादत को हम सब नमन करते हैं। राष्ट्र सदैव इनका ऋणी रहेगा। इस मौके पर रामपुर और मुरादाबाद सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र से कमल सिंह यादव, राकेश कटारिया दलबीर सिंह, विजेंद्र कुमार देशराज आदि जवान मौजूद रहे। साथ ही नगर पंचायत गुन्नौर के अधिकारी एवं कर्मचारिगण एवं शहीद के परिवारजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव व छात्रों का विदाई समारोह हर्षोल्लास से मनाया

सुल्तानपुर। जिले के भदैया ब्लक स्थित प्राथमिक विद्यालय पतीपुर में वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 5 के छात्रों का विदाई समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लक प्रमुख राजेंद्र वर्मा द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया, जिसके बाद अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोान में कहा कि बेसिक विद्यालय बच्चों का केवल शैक्षिक ही नह, बल्कि सर्वांगीण विकास करते हैं। इस दौरान बच्चों ने कंठ में बसो हे शारदे मां, आलू की निकली बारात, नशा मुक्ति, स्वच्छता अभियान एवं जैसी करनी वैसी भरनी जैसे सामाजिक विषयों पर शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया, जिसे देखकर अभिभावक भावुक और प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम की अयक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक राम केश भास्कर ने की। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाािकारी, ग्राम प्राान, जनप्रतिनिाि व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहर्वान किया।इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लक अयक्ष अंजनी शर्मा मंत्री राज कुमार यादव, कोषायक्ष संतोष चौरसिया,कल्हू पाल,विपिन यादव, मुन्ना लाल,ग्राम प्राान कमलेश यादव अपना दल की महिला जिला अयक्ष गीता वर्मा उपस्थिति रही।

# अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित हुआ ज्ञान कुंज परिसर

❒ दस नये इंटरैक्टिव पैनल का उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ मायमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानन्द नगर सुल्तानपुर में मंत्रोच्चार के साथ आज दस नये इंटरैक्टिव पैनल का विावित् उद्घाटन किया गया। ए आई तकनीक वाले युग में नवाचार आाारित नई ऊर्जा,नये संकल्प एवं उन्नत तकनीक के साथ नये शिक्षण सत्र 2026-27 का शुभारंभ किया गया। सम्पूर्ण वाई-फाई कनेक्टीविटी वाले परिसर में पहले से ही कई शिक्षण कक्ष इंटरैक्टिवपैनल समेत कई अत्याुनिक सुविााओं से लैस हैं। विद्यालय को इसी सत्र में अत्याुनिक तकनीक से शत-प्रतिशत सुसज्जित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

प्राानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि इसी सत्र में हमारे सभी कक्षा कक्ष इंटरैक्टिवपैनल की सुविाा से लैस होंगे। जिस पर हम पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहे हैं। मुख्य अतिथि मेडिकल कलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रबांक डाक्टर पवन कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर वृद्धि होती रहे, इसके लिए जो भी आवश्यक होगा वे सभी संसाान उपलब कराए जाएंगे। विशिष्ट अतिथि प्रबां समिति के उपायक्ष एवं प्रख्यात शिक्षाविद् ड वी के झा ने गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए अत्याुनिक तकनीक के प्रयोग को सर्वथा प्रासंगिक बताया। और कहा कि हमें अपने विद्यालय का वर्तमान शैक्षिक परिवेश इतना उन्नत बनाना है , कि हम राष्ट्र की आवश्यकता के अनुरूप नागरिकों का निर्माण कर सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य रमेश मिश्र, अखिलेश प्रताप सिंह, अनिल पाण्डेय, शरद श्रीवास्तव, कौशलेंद्र त्रिपाठी, सुनील श्रीवास्तव, दीनदयाल विश्वकर्मा, रंजना पाण्डेय, सरिता त्रिपाठी, प्रतिभा मिश्रा, यशी अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# हत्यारोपी अजय का सगा व तहेरा भाई भी था कत्ल की साजिश में शामिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ एसएसपी ने अभी 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। जल्द ही बरेली के डीआईजी रेंज के स्तर से इन पर 50-50 हजार का इनाम घोषित किया जा सकता है

❒ एसएसपी अंकिता शर्मा ने सोमवार को दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया

बदायूं। सैजनी के एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों सुधीर गुप्ता व हर्षित मिश्रा की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के सगे भाई केशव और तहेरे भाई अभय प्रताप को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। इन दोनों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है।

पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए तेजी से प्रयास शुरू कर दिया है। एसएसपी अंकिता शर्मा ने सोमवार को दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया। मूसाझाग थाना क्षेत्र में 12 मार्च को हुई इस वारदात में मुख्य आरोपी अजय को थाने में आत्मसमर्पण के बाद जेल भेजा गया था।

इसके बाद कंपनी में काम करने वाले धर्मेंद्र यादव और मुनेंद्र सिंह को घटना की साजिश रचने के आरोप में जेल भेजा गया था। इस मामले की जांच इंस्पेक्टर मूसाझाग व एसएसपी द्वारा बनाई गई तीन इंस्पेक्टरों व सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय की टीम कर रही है। अब जांच में मुख्य आरोपी अजय के भाई केशव सिंह व तहेरे भाई अभय प्रताप सिंह का भी अहम भूमिका सामने आई है। इसके चलते दोनों पर हत्या की साजिश रचने की धारा लगाई गई है। ये दोनों भी कंपनी में नौकरी करते थे। वारदात के बाद इन सभी को नौकरी से हटा दिया गया था। आरोपी केशव व अभय के अवैध असलहों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। इसके साथ ही इन दोनों के खिलाफ सैजनी गांव के आसपास अवैध रूप से ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जा, तहबाजारी वसूलना, मारपीट समेत कई मामलों में केस भी दर्ज हैं। वारदात के बाद ये दोनों भागे हुए चल रहे हैं। केशव और अभय पर पुलिस के इनाम की राशि जल्द ही बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये की जा सकती है।

एसएसपी ने अभी 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। जल्द ही बरेली के डीआईजी रेंज के स्तर से इन पर 50-50 हजार का इनाम घोषित किया जा सकता है। एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या के मुख्य आरोपी अजय के भाई केशव व अभय की भी भूमिका साजिशकर्ता के रूप में सामने आई है। दोनों के नाम केस में बढ़ाए गए हैं। इनके खिलाफ एसएसपी के स्तर से 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार प्रयास कर रही है।

**रजनीश उपाध्याय, सीओ सिटी**

## 19 अप्रैल को मनाया जाएगा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, डीएम ने नामित किए नोडल अधिकारी

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि सम्पूर्ण प्रदेश में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का भव्यपूर्ण आयोजन 19 अप्रैल 2026 को किया जाना प्रस्तावित है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की आस्था, संस्कृति और आत्मगौरव का भव्य उत्सव है। जो सोमनाथ मन्दिर के हजार वर्षों की अविचलित यात्रा को स्मरण कराता है। कार्यक्रम का आयोजन जनपद, तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर किया जाना है। इस क्रार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त शिवालयों (शिव मंदिरों) में भजन संध्या, रूद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव आदि के कार्यकम कराने के निर्देश दिये गये हैं।डीएम ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सोमनाथ का इतिहास पराजय का नहीं बल्कि विजय और पुनर्निर्माण का पर्व प्रतीक है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि आस्था और संस्कृति समय की कसौटी पर खरे उतरते हैं और सृजन ही स्थायी है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/प्रभारी अधिकारी (स्था0नि0), तहसील स्तर पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।

## 07 मई से प्रारम्भ होगी स्व-गणना, डीएम ने जारी किए निर्देश

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाताूँ।** जिलाधिकारी, प्रमुख जनगणना अधिकारी अवनीश राय ने जनगणना-2027 के समस्त कार्य समयबद्ध अवधि में पूर्ण कराए जाने के उद्देश्य से विभिन्न सम्बंधित विभागीय अधिकारियों व समस्त उप जिलाधिकारी/उप जिला गणना अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना अभियान 07 मई से 21 मई 2026 तक चलेगा। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वह अपनी-अपनी तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त चार्जो द्वारा जनगणना-2027 सम्बन्धी कार्यवाहियों का सम्पूर्ण पर्यवेक्षण प्रतिदिन करना सुनिश्चित करें। जनगणना-2027 एक संवेदनशील एवं अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है, जिसका समस्त विवरण एवं डेटा पूर्णतः गोपनीय होता है। अतः डाटा की गोपनीयता प्रत्येक स्थिति में बनायी रखी जाये। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 7740 से अधिक प्रगणकों व सुपरवाईजरों की नियुक्ति होनी है। उसके उपरान्त इनके प्रशिक्षण हेतु 40-50 के बैच में तहसील स्तर पर अप्रैल माह में प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाए। जनगणना-2027 एक संवेदनशील कार्यवाही है जिसें सम्भव है कि विभिन्न प्रकार की भ्रांन्तियां, अफवाह आदि अराजक तत्वों द्वारा फैलाई जाये। ऐसी स्थिति में अपने समकक्ष पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों से समन्वय स्थापित करते हुए शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## भागवत कथा के आखिरी दिन हजारों श्रोताओं ने भागवत कथा का किया रसपान



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखरी पोस्ट कसेरुवा में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मुख्य यजमान शिव सिंह, सपत्नीक किरन सिंह, के यहां आनंद मिश्रा के द्वारा संकल्पित सातवीं श्रीमद् भागवत कथा के हो रहे भव्य आयोजन में आखिरी दिन कथा का श्रवण करने के लिए हजारों श्रोताओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। आपको बता दें कि, ग्राम सभा अखरी पोस्ट कसेरुवा जिला फतेहपुर में श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन मंगलवार को श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित चंद्रेश कृष्ण शास्त्री ने प्रमुख रूप से भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता व भगवान का स्वधामगमन परीक्षित मोक्ष जैसी कथाओं का व्याख्यान करते हुए कथा व्यास ने बताया कि, मित्रता कैसी होनी चाहिए यह हमें भगवान श्री कृष्ण तथा सुदामा की मित्रता से सीखना चाहिए, मित्र के प्रति ईमानदारी, त्याग, और सम्मान का भाव ही सच्ची मित्रता कहलाती है। कथा व्यास ने बताया कि, प्रभात क्षेत्र में जब कालांतरण में समय बीता भगवान ने पृथ्वी पर खूब शासन किया जब समय आया तो भगवान अपने स्वधाम को चले गए। कथा व्यास द्वारा विभिन्न प्रसंगों को सुनकर पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोता भाव विभोर होकर झूम उठे। इस मौके पर यज्ञ शाला के मुख्य आचार्य पंडित सीताराम शास्त्री, यज्ञाचार्य सुबोध शास्त्री, उपयज्ञाचार्य योगेंद्र नाथ त्रिपाठी, व्यवस्थापक शीतला बख़्श सिंह, श्रवण मिश्रा, शेर सिंह, विजय बहादुर सिंह, राजा सिंह चौहान, अक्षत सिंह, शुभम सिंह, मोनू सिंह, विक्रम सिंह, हर्षित सिंह, निखिल सिंह, रंग बहादुर सिंह, धीरेंद्र सिंह एवं समस्त मित्रगण सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

## 'मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित, महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण पर दिया जोर

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को सुल्तानपुर के पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अाािकारी शामिल हुए। सदर विाानसभा क्षेत्र से भाजपा विाायक राज प्रसाद उपायाय भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोाित करते हुए विाायक ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार की अाािकांश योजनाएं महिलाओं, बेटियों और माताओं को केंद्र में रखकर बनाई गई हैं। 'नारी सम्मान मिशन शक्ति के मायम से महिलाओं को समाज में उनका उचित स्थान दिलाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। विाायक ने कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि उत्तर प्रदेश में अब कानून का राज स्थापित हुआ है, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के खिलाफ अपराा करने वालों पर पक्सो एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है और कई मामलों में दोषियों को जेल व आजीवन कारावास की सजा मिल चुकी है। पूर्व सरकारों पर निशाना सााते हुए उन्होंने कहा कि पहले महिलाओं को वह महत्व नह मिलता था, जो अब मिल रहा है। वर्तमान सरकार में महिलाएं प्राथमिकता के केंद्र में हैं। मीडिया द्वारा चुनावी वादों जैसे 60 वर्ष से अाािक उम्र की महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा और 'पिंक टयलेट की प्रगति पर सवाल पूछे जाने पर विाायक ने कहा कि कुछ योजनाओं पर काम जारी है। 'पिंक टयलेट के संबां में उन्होंने कहा कि पूरी जानकारी लेने के बाद ही स्थिति स्पष्ट करेंगे। विाायक ने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों का जिक्रकरते हुए कहा कि हर घर में शौचालय निर्माण तेजी से कराया गया है। इसके लिए सरकार द्वारा ध्6000 की प्रोत्साहन राशि सीाी लाभार्थियों के खातों में भेजी जा रही है।

# बैनामा की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव मधुपुर मजरे नवांवा में बैनामा की भूमि पर दबंगई के बल पर कब्जा करने और मेड क्षतिग्रस्त करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

थाना क्षेत्र के गांव मधुपुर निवासिनी रेहाना बानो पत्नी मोहम्मद इस्लाम ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीते वर्ष 2023 में गाटा संख्या 371/0.148 हेक्टेयर का भाग क्रय किया है और एसडीएम तिलोई के आदेश पर अपनी जमीन की पैमाइश व मेडबन्दी करा चुकी है।वह अपनी रजिस्ट्री के मुताबिक अपने खेत की मेड़ सही करा रही थी और पानी भर रही थी तभी इरशाद उर्फ आजाद और बबलू पुत्रगण इशहाक निवासी ग्राम पूरे ठूनी नवांवा आये और कहा कि यह मेरी जमीन है इस पर मेरा कब्जा है इसकी मेड़ मत बांधो और इसमें पानी मत भरो यह कहते हुये पानी का ट्यूबेल बंद करा दिया और मेरे मजदूरो को डरा धमका कर मौके से भगा दिया और महिला को भी गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दिया कहा कि इसके आस पास भी दिखाई दिये तो लाठी डण्डा से हाथ पैर तोड़ देगें। इस ताण्डव से डरी सहमी महिला ने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचना दिया थोड़ी देर बाद पुलिस आयी तो घटना को अंजाम देने वाले लोग मौके से भाग गये लेकिन थोड़ी देर बाद कटाई मशीन लेकर आये और मेड़ को क्षतिग्रस्त कर दिया।

# महावीर सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान में बहादुर सिंह बने कुलानुशासक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। महावीर सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान में बहादुर सिंह बने कुलानुशासकमहराजगंज क्षेत्र स्थित महावीर सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान, पंचवटी-521 द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए बहादुर सिंह (कर्मचारी संख्या 1803) को कुलानुशासक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति को संस्थान के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।जारी आदेश के अनुसार, बहादुर सिंह विद्यालय के अनुशासनात्मक एवं प्रशासनिक कार्यों का संचालन करेंगे। साथ ही वे छात्र-छात्राओं के व्यवस्थापन, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और संस्था के समग्र विकास से जुड़े सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। संस्थान की ओर से उन्हें यह जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ निभाने के निर्देश दिए गए हैं।संस्थान के पदाधिकारियों का मानना है कि बहादुर सिंह के अनुभव और कार्यशैली से विद्यालय में अनुशासन व्यवस्था मजबूत होगी तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। यह निर्णय न केवल संस्थान के आंतरिक संचालन को बेहतर बनाएगा, बल्कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।इस अवसर पर प्रबंधक अवधेश सिंह, प्रधानाचार्य कमल बाजपेई, एमएलसी प्रतिनिधि शिवम तिवारी, शिक्षक राजीव मिश्रा, मंजू सिंह, नीरू बाजपेई, सरिता मिश्रा, लक्ष्मी सिंह, शालिनी सिंह, अनुपम सिंह सहित प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पूरे अचली गांव में सोमवार शाम करीब आठ बजे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घायलों को मेडिकल जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां परिसर के बाहर दोनों पक्ष फिर भिड़ गए।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणनायक पाण्डेय की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार, पूरे अचली गांव निवासी रामबक्स और राममनोहर के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। रामबक्स की पत्नी चंद्रावती ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम करीब दस लोग, जिनमें राममनोहर, देशराज, बुधना, रामरानी, सुधीर कुमार, रामऔतार, राम दुलारी, रीना, गीता और छेद्दू शामिल थे, उनकी सहन की भूमि पर कब्जा करने की नीयत से आए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।चंद्रावती ने बताया कि जब उनकी बेटियों ज्योति, पूजा, अंतिमा और जेठानी शांति देवी ने इसका विरोध किया, तो उन्हें भी पीटा गया। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी पहुंचाया।देर रात करीब 11 बजे सीएचसी में घायलों के चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान, परिसर के बाहर सड़क पर दोनों पक्षों में फिर से मारपीट हो गई। इस भिड़ंत में पूरे अचली गांव के पंचायत सहायक पवन कुमार का सिर फट गया। सीएचसी परिसर के बाहर मारपीट की जानकारी मिलते ही अधीक्षक डॉ. गणनायक पाण्डेय ने पुलिस को बुलाया, जिसके बाद झगड़ा शांत हुआ।इस जमीनी विवाद में दोनों पक्षों से कुल नौ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। एक पक्ष से गीता पत्नी लालबहादुर, बुधना पत्नी राममनोहर और सुधीर कुमार घायल हुए हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से पूजा, महिमा, चंद्रावती, शांति और पवन कुमार गंभीर रूप से घायल हैं।

सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।मामले पर कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूली बच्चों ने आधी रोटी खायेंगे हम स्कूल जायेंगे का लगाया नारा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ प्राथमिक विद्यालय कुकहा रामपुर के बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

अमेठी। तिलोई विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुकहा रामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान की रैली निकालकर आम जनमानस को जागरुक किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और अभिवावकों से अपने बच्चो को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की है। प्राथमिक विद्यालय कुकहा रामपुर के बच्चों द्वारा मंगलवार को निकाली गयी स्कूल चलो अभियान की जागरुकता रैली ने पूरे गांव का भ्रमण किया। स्कूली बच्चों द्वारा गाजा बाजा के साथ निकाली गई रैली व गगनभेदी नारे आकर्षण का केंद्र बिन्दु बने रहे।बच्चों ने आधी रोटी खायेंगे हम स्कूल जायेंगे जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां हाथ मे लेकर सबको शिक्षा की ओर प्रेरित कर रहे थे। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी और प्राथमिक विद्यालय कुकहा रामपुर के प्रधानाध्यापक मोहम्मद राशिद खान की अगुवाई में निकाली गई रैली गांव के गली गलियारों में भ्रमण के बाद विद्यालय में समाप्त हुई। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने अभिवावकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज बच्चों की शिक्षा के लिये शासन के साथ ही प्रशासन भी दृढ़ संकल्पित है। इन स्कूलों में प्रशिक्षित शिक्षक है जो कि बीएड व टीईटी किये हुये है इसलिये आप सब लोग अपने बच्चों का नामांकन करायें और नियमित विद्यालय भेजें।इस मौके पर राष्टीय शैक्षिक महासंघ सिंहपुर के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार तिवारी,शीतला प्रसाद पाण्डेय,जय श्री सैनी, रियाज अहमद, श्याम सुंदर द्विवेदी, धीरज, देशराज, राम केवल ,राम सुमिरन ,सीताकांत तिवारी,धर्मेंद्र कुमार , शिवचरण,पुष्पा, प्राची, प्रीति,रेनू सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# ‘अखिलेश का ल्यारी राज’ या ‘धुरंधर सीएम योगी’

❒ एसपी ऑफिस जाने वाले रास्ते पर लगी होर्डिंग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले में फिल्म धुरंधर के नाम पर पोस्टर वार शुरू हो गई हैं,गोंडा जिले के एसपी ऑफिस जाने वाले रास्ते पर अखिलेश यादव और सपा सरका र के खिलाफ पोस्टर लगाए गए हैं,गोंडा में बॉलीवुड फिल्म ‘धुरंधर‘ को लेकर सियासी पोस्टर वॉर छिड़ गया है जिसमें समाजवादी पार्टी की सरकार की तुलना फिल्म में दिखाए गए ‘ल्यारी राज से की गई है और अखिलेश यादव को रहमान डकैत के स्टाइ ल में दिखाते हुए निशाना साधा गया है जब कि सी एम योगी आदित्यनाथ को धुरंधर बताया गया है।

ये पोस्टर ‘यूथ अगेंस्ट माफिया’ संगठन के नाम से गोंडा में एसपी ऑफिस जाने वाले रास्ते पर लगे हैं इन पोस्टरों में सपा राज में हुई घटनाओं को ल्यारी राज के तौर पर बताने की कोशिश की गई है होर्डिंग में सपा राज में हुए मुजफ्फरनगर, मेरठ और शा मली दंगों को लेकर अखिलेश यादव पर निशाना साधा गया है।




**होर्डिंग पर लिखा सपा का ल्यारी राज**

पोस्टर के बाईं ओर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर लगी है जिसमें उन्होंने फिल्म के विलेज रहमान डकैत की तरह दिखाया है, उनकी तस्वीर के नीचे लिखा है ‘अखिलेश का ल्यारी राज‘, वहीं दूसरी तरफ़ सीएम योगी आदित्यनाथ की तस्वीर है जिसमें वो कन्या के पैर धोते हुए नज़र आ रहे हैं

### तस्वीर के साथ लिखा है ‘धुरंधर सीएम’

सीएम योगी की तस्वीर के साथ माफिया अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, मुकीम काला के मौत की अखबारों की कटिंग लगाई गई है,जिसके ज़रिए ये दिखाया गया है कि किस तरह से योगी सरकार में माफियाओं पर कार्रवाई की गई है।दिलचस्प बात ये है कि ये होर्डिंग्ससिर्फ गोंडा ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की राजधानी समेत कई दूसरे जिलों में भी लगाए गए हैं।होर्डिंग लखनऊ,मलिहाबाद,सीतापुर हरदोई,जौनपुर,बाराबंकी,आजमगढ़ में लगाए गए हैं इनके अलावा नोएडा, प्रतापगढ़ और गोंडा में भी ऐसी ही होर्डिंग देखने को मिली है इन होर्डिग्स के बाद प्रदेश के सियासत फिर से गर्म हो सकती हैं देखा होगा कि समाजवादी पार्टी की ओर से इस पर क्या जवाब आता है।

# 9 वीं से 12 वीं तक एनसीआरटी का फैसला ‘ऊंट के मुंह में जीरा‘

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। शिक्षा सत्याग्रह जन अधिकार यात्रा‘ के मा ध्यम से प्रदेश भर के अभिभावकों की आवाज उठा रहे राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने योगी सरकार द्वारा कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक एनसीआरटी कि किताबें अनिवार्य क रने के फैसले को नाकाफी बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया है,उन्होंने इस फैसले को अभिभाव कों के साथ एक क्रूर मजाक और ‘ऊंट के मुंह में जीरा‘करार दिया है,छत्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने जारी बयान में कहा है कि सीएम योगी आदित्यनाथ का यह फैसला आधा-अधूरा है उत्तर प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों के द्वारा असली गुंडा गर्दी और लूट कक्षा नर्सरी से लेकर आठवीं तक की जा रही है।इन कक्षाओं में निजी प्रकाशकों (प्राइवेट पब्लिशर्स )की महंगी किताबें जबरन थो पी जा रही हैं और मनमानी फीस वसूली जा रही है।जब तक नर्सरी से आठवीं तक एनसीआरटी की

अनिवार्य नहीं होती और निजी स्कूलों की फीस प र लगाम नहीं लगती,तब तक इस फैसले का कोई जमीनी लाभ नहीं होगा।''



### राष्ट्रीय छात्र पंचायत की प्रमुख मांगें और चेतावनी

राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पा ण्डेय ने योगी सरकार से मांग की है कि नर्सरी से कक्षा आठवीं तक सभी निजी स्कूलों में तत्काल प्रभाव से एनसीआरटी की पुस्तकें अनिवार्य की जाएं।विद्यालय में छुट्टिओ के महीनों में ली जाने वाली अवैध बस फीस (परिवहन शुल्क) और अ न्य छुपे हुए शुल्कों पर पूर्णतःरोक लगे।स्कूल परि सर के भीतर या चुनिंदा दुकानों से किताब-ड्रेस ख रीदने की बाध्यता खत्म हो।

### योगी सरकार को आंदोलन का अल्टीमेटम

राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने योगी सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि नर्सरी से आठवी तक की इस ‘शिक्षा डकैती‘ पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई, तो राष्ट्रीय छात्र पंचायत संगठन पूरे प्रदेश में एक विशाल जन-आंदोलन खड़ा करने को बाध्य होगा। इस आंदोलन से उत्पन्न होने वाली किसी भी कानू न,व्यवस्था की स्थिति की पूरी जिम्मेदारी सरकार की और प्रशासन की होगी।''शिक्षा कोई व्यापार नहीं है कि इसे चंद पूंजीपतियों के भरोसे छोड़ दिया जाए।राष्ट्रीय छात्र पंचायत हर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी।

# छोटे सिलेंडर आते ही एजेंसियों से गायब,महंगी गैस खरीदने को मजबूर,सरकारी निर्देश बेअसर

❒ सरकार के निर्देशों के बावजुद ग्राहकों को सिलेंडर के लिये भटन्कना पड़ रहा है।

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले में एलपीजी आपूर्ति में कमी ने लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को कठिन बना दिया है। सरकार के निर्देशों के बावजूद पांच किलो वाले छोटे गैस सिलिंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में इन सिलिंडरों पर निर्भर प्रवासी मजदूरों, छात्र और आम उपभोक्ताओं को गैस के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

ऐसे इन लोगों के पास दो ही विकल्प बचे हैं या तो कालाबाजारी में बिक रही महंगी गैस खरीदों वरना बोरिया-बिस्तर समेट कर अपने घर वापस लौट जाओ। लंबी कतार में लगे लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। एक व्यक्ति ने बताया कि ज्यादातर गैस एजेंसियों पर छोटे सिलिंडर नहीं मिल रहे हैं। गोंडा, मनकापुर उमरी बेगमगंज, परसपुर, करनैलगंज, कटरा



बजार कौड़िया बाजार, खरगूपुर, धानेपुर, समेत कई इलाकों में लोग छोटे सिलिंडर नहीं मिलने से परेशान हैं।कई उपभोक्ताओं के अनुसार,एजेंसी कर्मचारी स्टॉक खत्म होने की बात कहकर वापस भेज देते हैं,जबकि कुछ जगहों पर सीमित संख्या में सिलिं डर आते हैं जो कुछ ही समय में खत्म हो जाते हैं।

गोंडा शहर निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह पिछले सात दिन से श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी जा रहे हैं, लेकिन हर बार यही कहा जाता है कि स्टॉक नहीं आया।मोतीगंज निवासी राजेश का कहना है कि आदेश जारी करना पर्याप्त नहीं है,बल्कि प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है।गैस सिलिं डर की कमी के कारण कई परिवार अब वैकल्पि क उपाय अपनाने को मजबूर हैं।कुछ लोग इंड क्शन कुकर का उपयोग कर रहे हैं, जबकि कई लोग बाहर से खाना मंगवा रहे हैं। हालांकि, यह विकल्प लंबे समय तक व्यवहारिक नहीं हैं, खास कर सीमित आय वाले परिवारों के लिए है।साल पुर निवासी नाजिया ने बताया कि उनका परिवार गैस सिलिंडर पर ही निर्भर है।अब यह उपलब्ध नहीं है तो महंगे विकल्प अपनाने पड़ रहे हैं जो उनके बजट से बाहर हैं।अब न ये भरे जा रहे हैं और न आसानी से मिल रहे हैं।

### ठेले वालों की मजबूरी,कमर्शियल सिलिंडर महंगा

ठेला लगाने वाले एक युवक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कमर्शियल सिलिंडर काफी महंगा पड़ता है,इसलिए घरेलू सिलिंडर का इस्तेमा ल करना पड़ता है।रोज कमाई सीमित होती है, ऐसे में महंगा सिलिंडर लेना मुश्किल है।चाय विक्रे ता ने बताया कि अगर सरकार कमर्शियल सिलेंडर सस्ता कर दे या कोई वैकल्पिक व्यवस्था दे दे तो वे नियमों का पालन करने को तैयार हैं।

# तुलसीपुर में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का डीएम ने किया निरीक्षण

❒ किसानों से फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने की अपील करते हुये लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को तहसील गौरीगंज की ग्राम पंचायत तुलसीपुर में कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिविर में चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित किसानों से संवाद स्थापित किया।

उन्होंने किसानों से अपील करते हुये कहा कि सभी किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य रूप से बनवाएं, ताकि उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में शिविर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई जा रही है वहीं आगामी चरण में घर घर जाकर भी किसानों की रजिस्ट्री सुनिश्चित की जायेगी जिससे कोई भी पात्र किसान छूटने न पाये। शिविर में फार्मर रजिस्ट्री के साथ ही साथ फैमिली आईडी और आयुष्मान कार्ड भी बनाये जा रहे हैं जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल रहा है। उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुये बताया कि जनपद में कुल दो लाख चौवालीस हजार फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके सापेक्ष अब तक लगभग दो लाख उन्नीस हजार किसानों की रजिस्ट्री पूर्ण की जा चुकी है। इस प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित कराई जाय और अभियान में तेजी लाई जाय। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी सहित कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क किनारे गिरी बालू पर बाइक फिसलने से महिला की मौत

शुकुल बाजार, अमेठी। थाना बाजार शुकुल क्षेत्र में सड़क के किनारे गिरी बालू के कारण बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिस पर सवार महिला की मौत हो गई है जबकि उसकी दो माह की मासूम बेटी और पति सुरक्षित है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव दूधाधारी मजरे किसनी निवासी हितलाल अपनी पत्नी करिश्मा उम्र सत्ताइस वर्ष और दो माह की बेटी जानकी को बाइक से इलाज कराने डॉक्टर के पास ले जा रहे थे।रास्ते में सड़क पर गिरी बालू के कारण बाइक अचानक फिसल गई जिससे तीनों सड़क पर गिर पड़े। इस सड़क हादसे में करिश्मा के सिर में गम्भीर चोट लग गई। आनन फानन में पति उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल ले गया जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया वहीं इस दुर्घटना में पति हितलाल और दो माह की मासूम बेटी जानकी सुरक्षित हैं। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। मासूम बेटी के सिर से मां का साया उठ जाने से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# राम रंग हत्याकांड: राहुल यादव समेत पूरा परिवार गिरफ्तार, ट्रैक्टर बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले में राम रंग हत्याकांड के मुख्य आरोपी राहुल यादव समेत परिवार के छह सदस्यों को पु लिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नवाबगंज थाने की पुलिस ने यह कार्रवाई करते हुए 60 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को पटपरगंज पुल के पास से पकड़ा। गिरफ्तार किए गए लोगों में राहुल यादव के पि ता भरत यादव,माता शोभा देवी,भाई अंकित याद व,और बहनें नेहा यादव और अंजलि यादव शामि ल हैं।

गिरफ्तारी के बाद सभी छह आरोपियों का न वाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया गया।इसके बाद उन्हें गोंडा न्याया लय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।नवाबगंज थाने में पेशी के दौरान बाप-बेटे लंगड़ाते हुए दिखाई दि ए।मृतक राम रंग के भाई उमेश यादव ने राहुल समेत उनके परिवार के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि, एक आरोपी के नाबालिग होने के कारण पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया है।

नाबालिग के संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घटना में शामिल सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर और बांका भी बरामद किया है।पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है और पुलिस प्रशा सन मृतक राम रंग यादव के परिजनों के साथ ख ड़ा है।

# एसपी ने प्रशिक्षु आरक्षियों को संवेदनाशील और कर्तव्यनिष्ठ बनने का पढ़ाया पाठ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। पुलिस अधीक्षक द्वारा नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में प्रशिक्षु आरक्षियों का साक्षात्कार लिया गया व संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी बनने हेतु प्रेरित किया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा मंगलवार को नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों का प्रशिक्षण के दौरान सीखे गये नियमों, पुलिस कार्यप्रणाली और अनुशासन के स्तर को परखने के लिए प्रशिक्षुओं का व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया।

इस साक्षात्कार का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणरत आरक्षियों द्वारा सीखे गये पुलिस नियमों, व्यावहारिक कार्यप्रणाली और उनके अनुशासन के स्तर का गहन मूल्यांकन करना था। साक्षात्कार के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षुओं से कानून की धाराओं, पुलिस नियमावली और फील्ड ड्यूटी से संबंधित बारीकियों पर प्रश्न पूछे गये। साक्षात्कार के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को भविष्य में एक संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने जोर दिया कि प्रशिक्षण के दौरान सीखा गया अनुशासन ही फील्ड में बेहतर पुलिसिंग का आधार बनेगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### गेहूं की फसल का उत्पादन जानने को लेकर डीएम ने कराई क्राप कटिंग

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को ग्राम पंचायत तुलसीपुर में जनपद में गेहूं की फसल का उत्पादन जानने को लेकर क्राप कटिंग कराई। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत तुलसीपुर में राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम के साथ किसान रामसिंह के खेत पर पहुंच कर अपने सामने 43.03 स्क्वायर मीटर गेहूं की फसल की क्राप कटिंग कराई तथा उसका तौल भी कराया। जोकि 12.560 किग्रा निकला जिसके अनुसार प्रति हेक्टेयर उपज उनतीस कुंतल है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिये क्राप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। इस दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने किसान भाइयों से सीधा संवाद स्थापित किया और अपने नजदीक के क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने हेतु किसानों से अपील भी की। उन्होंने कहा कि सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर किसान भाई गेहूं बेंचे ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने किसान भाइयों से अपने खेतों में फसल अवशेषों को ना जलाने की भी अपील किया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार, नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी, सांख्यिकी अधिकारी दीपक गुप्ता सहित कानूनगो, लेखपाल व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### एसएसबी 42वीं वाहिनी में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**नानपारा, बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बहराइच–प्रथम के प्रांगण में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य वाहिनी के कार्मिकों एवं उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि वर्मा ने महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. कुरेल ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी दी। दंत चिकित्सक डॉ. सुधीर चौधरी ने दांतों की देखभाल के उपाय बताए, जबकि डॉ. संतोष यादव ने सामान्य बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक किया।इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप एवं शुगर जांच सहित महिला, बाल एवं दंत रोगों की जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम के समापन पर चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

### अमेठी में रेलवे स्टेशन के बाहर लगी होर्डिंग से गर्माया सियासी माहौल

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन अमेठी के बाहर एक विवादित होर्डिंग लगाये जाने से स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। इस होर्डिंग में लिखा गया है ''आपको क्या चाहिये धुरंधर काम या अखिलेश का ल्यारी राज'' ।यहां ल्ल्यारीङ्क का संदर्भ पाकिस्तान के कराची शहर के उस इलाके से जोड़ा गया है जो कभी गैंगवार और हिंसा के लिये कुख्यात रहा है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ल्लधुरंधरङ्क में भी इस इलाके का उल्लेख किया गया है जिससे इस शब्द को लेकर और अधिक चर्चा हो रही है।होर्डिंग में एक ओर अखिलेश यादव के कार्यकाल के दौरान हुई कथित हिंसा और दंगों का जिक्र किया गया है जबकि दूसरी ओर योगी आदित्यनाथ सरकार में माफिया और अपराधियों पर हुई कार्यवाही को दर्शाया गया है।इस होर्डिंग पर ल्लयूथ अगेंस्ट माफियाङ्क नामक संगठन का नाम भी प्रमुखता से अंकित है साथ ही संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष, महामंत्री और प्रतापगढ़ प्रभारी के नाम व फोटो भी लगाये गये हैं।आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इस तरह की राजनीतिक संदेश वाली होर्डिंग लगाये जाने से क्षेत्र में सियासी हलचल बढ़ गई है और यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### प्राथमिक विद्यालय की खिड़की तोड़कर सामग्री चोरी

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जगदीशपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मरौचा की खिड़की तोड़कर बेखौफ चोरों द्वारा एमडीएम योजना के बर्तन खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री पार कर दी गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत करा दिया है पुलिस ने अभियोग दर्जकर मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मरौचा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका साधना यादव ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि वि?द्यालय के पीछे की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा विद्यालय में रखा राशन, रसोई के बर्तन व अन्य सामग्री चोरी कर ली गई है और इस घटना से खण्ड शिक्षा अधिकारी को भी अवगत करा दिया गया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि अभियोग दर्जकर लिया गया है और पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है जल्द ही इस घटना का खुलासा होने की उम्मीद पाई जाती है।

# झांसी में फिर बिगड़ा मौसम,धूलभरी आंधी और बारिश ने किसानों की बढ़ाई चिंता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

झांसी । उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में तीन दिनों के भीतर दूसरी बार मौसम ने अचानक करवट बदली है। मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे तेज धूलभरी आंधी के साथ आसमान में काले बादल छा गए, जिससे दिन में ही अंधेरा सा माहौल बन गया। कुछ ही देर बाद बारिश शुरू हो गई, जो लगभग 15 मिनट तक जारी रही। इस बदलाव से जहां एक ओर जनजीवन प्रभावित हुआ, वहीं बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया।जिले में मंगलवार सुबह तक तेज धूप और गर्मी का असर बना हुआ था, लेकिन दोपहर होते-होते 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने लगीं। अचानक चली आंधी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और सड़कों पर धूल का गुबार छा गया। इसके बाद हुई बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई।इससे पहले 4 अप्रैल को भी जिले



में तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई थी। महानगर के साथ-साथ मोठ और समथर क्षेत्र के कई गांवों में ओले गिरने से फसलों को नुकसान पहुंचा था। उस दिन के बाद मौसम साफ हो गया था, लेकिन एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिला है।मौसम विभाग के अनुसार, तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम है, जबकि मंगलवार को तापमान लगभग 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।भरारी कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि 7 अप्रैल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से क्षेत्र में आंधी, बारिश और बादल छाने की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 8 और 9 अप्रैल को भी आंधी, तेज बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# दिशा की बैठक में गैरहाजिर रहे अधिकारियों से सांसद खफा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुरादाबाद । मुरादाबाद लोकसभा सांसद कुंवरानी रुचि वीरा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी के साथ-साथ बीएसएनएल और पर्यावरण से जुड़े अधिकारी गैरहाजिर रहे। जिस पर सांसद ने जिलाधिकारी अनुज सिंह को निर्देशित किया की इन सभी गैरहाजिर अधिकारियों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया जाए।टीबी रोग उन्मूलन के संबंध में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान एवं रोगियों को चिन्हित करने से सम्बंधित अभियान की सफलता के संबंध में समीक्षा के दौरान सांसद ने सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह से पोर्टेबल अत्याधुनिक मशीनों की जिले में उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले में 01 मशीन उपलब्ध है। जिस पर सांसद ने कहा कि मुरादाबाद जिले की जनसंख्या के अनुरूप कम से कम 10 मशीनें उपलब्ध हों इसलिए शासन को प्रस्ताव भेजें ताकि टीबी रोगियों को चिन्हित करने में मदद मिले और उन्हें समय पर बेहतर उपचार मिल सके।शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया के दौरान सत्यापन एवं अन्य कार्यों के बारे में उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। बीएसए ने पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया, जिस पर सांसद ने कहा कि निर्धारित नियमों का पालन करते हुए गरीब परिवारों के जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा व्यवस्था से जोड़ा जाए। एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि ऐसे बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न होने पाए इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए।जनपद में एलपीजी की उपलब्धता की स्थिति के बारे में उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से जानकारी प्राप्त की।

**सूचना**

मैं दुर्गा प्रसाद पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मी प्रसाद निवासी मोहल्ला रानी बाजार मकान नंबर 494 मोहल्ला बड़गांव जिला गोंडा सशपथ बयान करता हूं कि मेरे पिता लक्ष्मी प्रसाद पुत्र महादेव प्रसाद की मृत्यु दिनांक 01 अप्रैल सन 2000 को हो चुकी है इसलिए मुझे अपने स्वर्गीय पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है।

## सम्पादकीय

# संकट के वक्त सत्र-सत्र का खेल

केंद्र सरकार ने 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाने का फैसला लिया है। संसदीय व्यवस्था यह है कि संसद का विशेष सत्र आमतौर पर तब बुलाया जाता है जब सरकार को किसी महत्वपूर्ण विधायी कार्य, राष्ट्रीय मुद्दे, या आपातकालीन स्थिति पर तत्काल चर्चा या निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। मोदी सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करवाने के लिए 2023 में ऐसा सत्र बुला चुकी है, इससे पहले 30 जून 2017 को जीएसटी लागू करने के लिए भी संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था। लेकिन इस बार बजट सत्र के फौरन बाद ही तीन दिन का सत्र बुलाया जा रहा है। अब यह विशेष सत्र कहलाएगा या नहीं, इस पर सवाल है, क्योंकि 2 अप्रैल को बजट सत्र समाप्त होना था, लेकिन अब इसे महिला आरक्षण बिल से संबंधित विशेष कार्यों के लिए स्थगित कर दिया गया है। तो चाहें इसे विशेष सत्र कहें या बजट सत्र का ही हिस्सा मानें, कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। क्योंकि असली सवाल तो यह है कि इस तीन दिन के सत्र से देश क्या हासिल करने जा रहा है। और क्यों पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच में सरकार को इस सत्र की आवश्यकता पड़ी? अभी 9 अप्रैल को असम, केरल और पुड्डुचेरी में मतदान हो जाएंगे, लेकिन तमिलनाडु में 23 अप्रैल और प.बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोट पड़ने वाले हैं। भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुके इन दो महत्वपूर्ण राज्यों में चुनावों से ठीक पहले संसद का यह सत्र बुलाने पर अब भाजपा की नीयत पर सवाल उठ रहे हैं। दोनों राज्यों में आचार संहिता लागू रहेगी, यानी कोई महत्वपूर्ण घोषणा, उद्घाटन, शिलान्यास जैसे कार्य फिलहाल सरकारें नहीं कर पाएंगी। तो क्या संसद के जरिए इन दोनों राज्यों की महिला मतदाताओं को साधने की कोई चालाकी की जा रही है। याद रहे कि बिहार में इसी तरह रोजगार सहायता के नाम पर 10-10 हजार रुपए महिलाओं के खाते में डाले गए थे, उस पर विपक्षी दल बेईमानी और आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते रहे, लेकिन इसे रोकने की हिम्मत उन संवैधानिक संस्थाओं ने नहीं दिखाईं, जिन पर लोकतंत्र की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव कराने की महती जिम्मेदारी है। बहरहाल, 16,17,18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाने के पीछे चार कारण बताए जा रहे हैं' 1.महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को 2027 की जनगणना से अलग करना,2.लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का विस्तार, अर्थात सीटें बढ़ाना,3.महिलाओं के लिए विस्तारित लोकसभा में 273 सीटें आरक्षित करना,और 4. 2011 की जनगणना के आंकड़ों का उपयोग करके परिसीमन करना, साथ ही राज्यवार अनुपात को बनाए रखना। देश की बढ़ती आबादी के मुताबिक निर्वाचन क्षेत्रों में बदलाव जरूरी है, और महिलाओं का प्रतिनिधित्व संसद और विधानसभा में बढ़ाना भी अत्यंत आवश्यक है। लेकिन इसके लिए यही वक्त क्यों चुना गया। 2023 से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हो चुका है और कोरोना काल बीते भी छह साल हो गए हैं। जनगणना 2021 में न सही, 2022 या 2023 तक तो कराई ही जा सकती थी। लेकिन सरकार इसे टालती रही और अब जाकर इसकी प्रक्रिया शुरु हुई है। 2027 तक जनगणना पूरी होगी, ऐसी उम्मीद है। उसके बाद भी सरकार के पास सत्ता के दो साल बचे ही रहेंगे। फिलहाल तो जिस तरह नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू या बाकी एनडीए सहयोगियों पर भाजपा का दबदबा बना हुआ है, उसमें मध्यावधि चुनाव की संभावना भी नहीं है। तो सरकार पहले जनगणना पूरी करवा लेती, फिर ताजा आंकड़ों के मुताबिक परिसीमन पर फैसला लेती और उस के बाद महिला आरक्षण को लागू करवाती, तो यह तार्किक प्रक्रिया लगती। लेकिन अभी फिर यही नजर आ रहा है कि जैसे हड़बड़ी में जीएसटी लागू कर दिया गया था और फिर बार-बार इसमें बदलाव हुए, या नोटबंदी लागू करने के बाद बैंक से पैसे निकालने की मियाद बढ़ाई जाती रही, वैसा ही हश्र इस बार भी होने वाला है।

# कोरियन ड्रामा से भारतीय सीरियल तक : मनोरंजन की दिशा पर पुनर्विचार

विश्व के मनोरंजन जगत में पिछले कुछ वर्षों में यदि किसी देश ने टेलीविजन और वेब सीरीज के माध्यम से पूरी दुनिया को सबसे अधिक प्रभावित किया है तो वह दक्षिण कोरिया है। कोरियन ड्रामा आज केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक प्रभाव, सामाजिक शिक्षा, भावनात्मक परिपक्वता और जीवन मूल्यों के प्रस्तुतीकरण का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोग कोरियन ड्रामा देख रहे हैं और उनसे प्रभावित हो रहे हैं। यह केवल तकनीक या अभिनय का प्रभाव नहीं है, बल्कि उनकी कहानियों की संवेदनशीलता, जीवन की वास्तविकता और मानवीय रिश्तों की गहराई का प्रभाव है। कोरियन ड्रामा का सबसे बड़ा गुण यह है कि वे जीवन की वास्तविक समस्याओं को बहुत संवेदनशील और मानवीय तरीके से प्रस्तुत करते हैं। उनमें परिवार है, प्रेम है, संघर्ष है, बीमारी है, मानसिक तनाव है, करियर की समस्याएं हैं, सामाजिक दबाव है, लेकिन इन सबके साथ समाधान भी है, आशा भी है, सकारात्मकता भी है। वे केवल समस्या नहीं दिखाते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। उनके पात्र अतिनाटकीय या अवास्तविक नहीं होते, बल्कि आम आदमी जैसे होते हैं, जिनकी समस्याएं भी वास्तविक होती हैं और संघर्ष भी वास्तविक होता है। कोरियन ड्रामा की एक विशेषता यह भी है कि वे सीमित एपिसोड में एक पूर्ण कहानी प्रस्तुत करते हैं। उनमें अनावश्यक विस्तार, अंतहीन षड्यंत्र और कृत्रिम मोड़ नहीं होते। कहानी का एक उद्देश्य होता है और वह उद्देश्य पूरा होते ही कहानी समाप्त हो जाती है। इस कारण उनमें कसाव, गुणवत्ता और प्रभाव बना रहता है। वे दर्शकों के समय और संवेदना दोनों का सम्मान करते हैं। यदि हम भारतीय टीवी सीरियल्स की ओर देखें, तो स्थिति इसके विपरीत दिखाई देती है। अधिकांश धारावाहिक सास-बहू के अंतहीन संघर्ष, पारिवारिक षड्यंत्र, पुनर्जन्म, चमत्कार, बदला, ईर्ष्या और दिखावे के जीवन के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं। एक ही कहानी वर्षों तक चलती रहती है और उसमें वास्तविक जीवन से कोई संबंध नहीं रह जाता। परिवार, जो प्रेम, सहयोग और संवाद का केंद्र होना चाहिए, उसे षड्यंत्र और राजनीति का केंद्र बना दिया जाता है। इससे समाज में नकारात्मक मानसिकता का निर्माण होता है। भारतीय फिल्मों की स्थिति भी बहुत अलग नहीं है। अधिकांश फिल्में मारधाड़, हीरोगिरी, बदला, अपराध या अवास्तविक प्रेम कहानियों पर आधारित होती हैं। उनमें वास्तविक जीवन की समस्याओं और उनके समाधान पर बहुत कम काम होता है। जबकि आज समाज जिन समस्याओं से जूझ रहा है, वे अलग हैं-मानसिक तनाव, अवसाद, अकेलापन, पारिवारिक विघटन, पीढ़ियों के बीच संवाद की कमी, बेरोजगारी, करियर का दबाव, स्वास्थ्य समस्याएं, नशा, पर्यावरण संकट आदि। इन विषयों पर आधारित मनोरंजन बहुत कम देखने को मिलता है। कोरियन ड्रामा की लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि वे दर्शकों को भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाते हैं। उन्हें देखकर व्यक्ति केवल मनोरंजन नहीं करता, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ता है, जीवन को समझता है, रिश्तों की अहमियत को समझता है, धैर्य और संघर्ष की प्रेरणा पाता है। कई कोरियन ड्रामा मानसिक स्वास्थ्य, अवसाद, ऑटिज्म, अस्पताल जीवन, वकीलों के संघर्ष, शिक्षकों के जीवन, छोटे उद्यमियों के संघर्ष जैसे विषयों पर बने हैं। वे दर्शकों को संवेदनशील बनाते हैं, आक्रामक नहीं। भारत में भी कुछ अच्छे धारावाहिक बने हैं, जैसे ल्लहम लोगड्ड, ल्लबुनियादड्ड, ल्लसंजीवनीड्ड, ल्लबालिका वधूड्ड, ल्लउड़ानड्ड, ल्लतारक मेहता का उल्टा चश्माड्ड आदि, जिन्होंने समाज को कुछ सकारात्मक संदेश दिए। लेकिन ऐसे धारावाहिकों की संख्या बहुत कम है। आज जरूरत ऐसे धारावाहिकों और फिल्मों की है जो समाज को मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएं, जीवन जीने की कला सिखाएं, तनाव से मुक्ति का मार्ग दिखाएं, परिवार को जोड़ने का संदेश दें और सकारात्मक सोच का निर्माण करें। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मनोरंजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं होना चाहिए, बल्कि मन का निर्माण होना चाहिए। यदि फिल्म या धारावाहिक देखकर व्यक्ति अधिक आक्रामक, असंतुष्ट, तनावग्रस्त या अवास्तविक जीवन की कल्पनाओं में खो जाए, तो वह मनोरंजन नहीं, मानसिक प्रदूषण है। लेकिन यदि कोई फिल्म या धारावाहिक व्यक्ति को प्रेरित करे, जीवन में आशा जगाए, समस्याओं से लड़ने की शक्ति दे, रिश्तों को समझने की दृष्टि दे, तो वह वास्तविक मनोरंजन है। आज समाज में मानसिक बीमारियां, अवसाद, अकेलापन और तनाव तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में मनोरंजन उद्योग की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। उन्हें ऐसे धारावाहिक और फिल्में बनानी चाहिए जो मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को स्वस्थ बनने की प्रेरणा दें, सकारात्मक सोच का निर्माण करें, योग, ध्यान, संवाद, परिवार, मित्रता और जीवन के उद्देश्य के महत्व को दिखाएं। यदि इस दिशा में काम किया जाए, तो मनोरंजन उद्योग समाज के लिए वरदान बन सकता है। यह भी विचारणीय है कि आखिर क्यों हमारे अधिकांश सीरियल सास-बहू के संघर्ष से शुरू होकर षड्यंत्र और बदले पर समाप्त होते हैं, और हमारी फिल्में मारधाड़ और हीरोगिरी पर आधारित होती हैं। इसका एक कारण यह है कि निर्माता यह मानते हैं कि दर्शक यही देखना चाहते हैं। लेकिन यह आधा सच है। वास्तविकता यह है कि दर्शकों को अच्छा, संवेदनशील और सार्थक कंटेंट मिलेगा, तो वे उसे भी उतना ही पसंद करेंगे, जैसा आज वे कोरियन ड्रामा को पसंद कर रहे हैं। इसका अर्थ है कि समस्या दर्शकों की पसंद में नहीं, बल्कि कंटेंट की दिशा में है। समय आ गया है कि भारतीय मनोरंजन जगत अपनी दिशा पर पुनर्विचार करे। उन्हें यह सोचना होगा कि वे समाज को किस दिशा में ले जा रहे हैं। क्या वे समाज को संवेदनशील, सकारात्मक और स्वस्थ बना रहे हैं, या केवल मनोरंजन के नाम पर नकारात्मकता, हिंसा और षड्यंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं? मनोरंजन उद्योग केवल उद्योग नहीं है, वह समाज निर्माण का माध्यम भी है। कोरियन ड्रामा हमें यह सिखाते हैं कि मनोरंजन भी समाज को शिक्षित कर सकता है, प्रेरित कर सकता है, भावनात्मक रूप से परिपक्व बना सकता है और जीवन को समझने की दृष्टि दे सकता है। भारतीय सिनेमा और टेलीविजन यदि इस दिशा में काम करें, तो वे केवल मनोरंजन नहीं करेंगे, बल्कि समाज को बेहतर बनाएंगे। मनोरंजन का सर्वोच्च रूप वही है जो मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाए, जो निराशा में आशा दे, जो टूटते परिवारों को जोड़ने की प्रेरणा दे, जो तनावग्रस्त व्यक्ति को शांति दे, जो जीवन की समस्याओं का समाधान सिखाए। जब भारतीय धारावाहिक और फिल्में इस दिशा में बननी शुरू होंगी, तब मनोरंजन वास्तव में समाज निर्माण का माध्यम बन सकेगा। यही समय की आवश्यकता है और यही भविष्य की दिशा भी। **- ललित गर्ग**

**मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना ने कमल के लिए कमाल का काम किया, लेकिन छत्तीसगढ़ में आखिर ऐसा क्या हुआ जो गाय, गोबर, गोठान, महतारी योजना, आत्मानन्द स्कूलों के बाद भी नतीजे एकदम उम्मीद से इतर आए? जबकि राजस्थान में जादूगर अशोक गहलोत का चलते दिख रहे जादू पर भाजपा का जादू भारी पड़ गया। तेलंगाना में जरूर कांग्रेस को झोली में उम्मीद से ज्यादा हासिल मिला। शायद भारत की यही विविधता है। विश्लेषण के लिहाज से इन नतीजों के मायने काफी गहरे हैं। इन्हें 2024 के आम चुनाव से जोड़ा जाएगा। चारों नतीजों में सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश की ही चर्चा होगी जिसे संघ की प्रयोगशाला भी कहा जाता है। जहां बढ़े मतदान के बाद तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। चुनावी घोषणा और चुनावों के दौरान जिस तरह से एन्टी इनकम्बेंसी की बात फैली उसको लेकर उत्साही कांग्रेसियों के बाग-बाग चेहरे देखकर ऐसे नतीजों की उम्मीद तो हरगिज नहीं थी। लेकिन एक सच्चाई है जिसे स्वीकारना होगा कि मध्य प्रदेश में जिस शिवराज सिंह को लेकर शुरुआत में एक तरह से ऊहापोह की स्थिति बनी और कई तरह के संदेश फैलाए गए, उसे शिवराज ने अपने जादू से ऐसा धोया कि आज वो एक बार फिर अजेय बनकर भाजपा के सबसे अहम चेहरा बन गए। समूचे मध्य प्रदेश में अपराधियों खासकर महिलाओं, आदिवासियों और दलितों के उत्पीड़न करने वालों को तुरंत सजा देने का बुलडोजर वाला तरीका भी लोगों को खूब भाया। प्रदेश में मामा बनकर उन्होंने आम और खास सभी से जो कनेक्ट किया उसका नतीजा आज सामने है।**



# संस्कृत को समर्पित आयरलैंड के संस्कृत दूत पद्मश्री रटगर कोर्टेनहॉर्स्ट

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

पद्मश्री रटगर कोर्टेनहॉर्स्ट आयरलैंड के डबलिन स्थित जॉन स्कॉटस सीनियर स्कूल में संस्कृत के प्रखर शिक्षक हैं, जिन्हें 2022 में भारत सरकार ने साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया। उनकी उपलब्धियाँ न केवल संस्कृत को पश्चिमी जगत में जीवंत बनाती हैं, बल्कि इस भाषा के शाश्वत महत्व को भी रेखांकित करती हैं, जो ज्ञान, संस्कृति और कल्याण का आधार है। 21 वर्ष की आयु में ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन में पढ़ते हुए रटगर को डब्ल्यू. बी. यीट्स द्वारा अनुदित 'द टेन प्रिंसिपल उपनिषद्' तथा भारती कृष्ण तीर्थ की 'वैदिक गणित' ने संस्कृत की ओर आकर्षित किया। 2006-2007 में बैंगलोर के वेद विज्ञान गुरुकुलम में उन्होंने डॉ. रामचंद्र भट्ट के मार्गदर्शन में तैत्तिरीय उपनिषद्, व्याकरण, विवेकचूडामणि और बोलचाल की संस्कृत सीखी। 2008-2009 में उन्होंने पश्चिमी बच्चों के लिए नई शिक्षण पद्धति विकसित की तथा पॉन्डिचेरी के श्री अरविंद आश्रम में डॉ. नरेंद्र से सरल संस्कृत प्रचार की शिक्षा ग्रहण की।

आयरलैंड में वाइस प्रिंसिपल पद त्यागकर उन्होंने पूर्णकालिक संस्कृत शिक्षण को अपनाया, जहाँ जॉन स्कॉटस स्कूल (1986 से संस्कृत अनिवार्य विषय) के छात्रों को इंटरैक्टिव तरीके से जटिल व्याकरण सिखाया। आयरिश बच्चों के लिए संस्कृत पुस्तकें प्रकाशित कीं तथा 2016 से 12-15 वर्ष के बच्चों के लिए आयुर्वेद-योग आधारित 'वेलबीइंग' कोर्स चलाया। उनका यूट्यूब चैनल संस्कृत कक्षाओं और उपनिषदीय मंत्रोच्चारण से भरा हुआ है, जो वैश्विक प्रचार का माध्यम बना। 2020 में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद से विश्व संस्कृत पुरस्कार तथा 2022 में पद्मश्री प्राप्ति उनकी उपलब्धियों का प्रमाण है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 29 अगस्त 2021 के 'मन की बात' में उनका उल्लेख किया। भारत-आयरलैंड सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने हेतु राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 28 मार्च 2022 को नई दिल्ली में उन्हें पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया। संस्कृत केवल एक भाषा मात्र नहीं है,अपितु अद्वैत वेदांत, आयुर्वेद, योगसूत्र और भगवद्गीता का ज्ञानकोश है। उनके प्रयासों से आयरलैंड जैसे यूरोपीय देश में बच्चे संस्कृत बोलते-समझते हैं, जो सिद्ध करता है कि संस्कृत भाषा वैज्ञानिक संरचना है। उन्होंने प्रमाणित कर दिखाया है कि संस्कृत , बच्चों में मस्तिष्क विकास, एकाग्रता और नैतिक मूल्यों को पोषित करती है। वैश्विक संदर्भ में संस्कृत, योग-आयुर्वेद के प्रसार से मानसिक कल्याण सुनिश्चित करती है। रटगर के वेलबीइंग कोर्स में यह स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पटल पर स्थापित कर वे सिद्ध करते हैं कि संस्कृत 'देववाणी' के रूप में आधुनिक वैश्विक आवश्यकता है।

**आयरलैंड में वाइस प्रिंसिपल पद त्यागकर उन्होंने पूर्णकालिक संस्कृत शिक्षण को अपनाया, जहाँ जॉन स्कॉटस स्कूल (1986 से संस्कृत अनिवार्य विषय) के छात्रों को इंटरैक्टिव तरीके से जटिल व्याकरण सिखाया। आयरिश बच्चों के लिए संस्कृत पुस्तकें प्रकाशित कीं तथा 2016 से 12-15 वर्ष के बच्चों के लिए आयुर्वेद-योग आधारित 'वेलबीइंग' कोर्स**

## सेहत मंत्र

# शरीर पर जादू की तरह काम करता है अदरक का पानी

अदरक का इस्तेमाल लोग कई तरह से अपने आहार में करते हैं। कभी इसे चाय के रूप में तो कभी मसाले के रूप में सब्जी में इसका प्रयोग किया जाता है। वैसे अदरक सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता, बल्कि यह कई छोटी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को भी दूर करने में मदद करता है। इतना ही नहीं, अदरक का उपयोग आयुर्वेद और होम्योपैथिक और पारंपरिक चिकित्सा में लंबे समय से किया जाता रहा है। इसमें पोटेशियम, मैंगनीज, तांबा और मैग्नीशियम सहित कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। आप भी इसका लाभ उठाने के लिए अदरक के पानी को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं अदरक के पानी से मिलने वाले फायदों के बारे में? अगर नियमित रूप से अदरक के पानी का सेवन किया जाए तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है। साथ ही आपको अपच, मतली व हार्टबर्न जैसी समस्याओं से बचाव में मदद मिलती है। अगर आप चाहें तो अदरक के पानी में पुदीने का रस, नींबू का रस व शहद मिलाकर पी सकती हैं। इससे गर्भावस्था में होने वाल मार्निंग सिकनेस की समस्या से छुटकारा मिलता है। अदरक के पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से किडनी डैमेज का रिस्क काफी हद तक कम हो जाता है। साथ ही यह मधुमेह के प्रभाव को भी कम करने में मदद करता है। दरअसल, अदरक जिंक का एक समृद्ध स्त्रोत है, जो इंसुलिन के स्राव में अहम् भूमिका निभाता है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन अदरक का पानी वजन कम करने में भी सहायक है। दरअसल, हाई ब्लड शुगर लेवल भूख को बढ़ाता है और ओवरईटिंग का कारण बनता है। अदरक का पानी ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करता है और खाने की इच्छा को नियंत्रित करता है। साथ ही यह शरीर की वसा को अवशोषित करने की क्षमता में सुधार करता है जो वजन घटाने में मदद करता है। अदरक में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन के कारण, अदरक का पानी पीने से आपकी त्वचा में एक प्राकृतिक चमक आ जाती है। इसके अलावा, विटामिन ए और सी की उपस्थिति आपके बालों का टेक्सचर बेहतर होता है। की बनावट में सुधार करती है। यह आपके रक्त को साफ करता है और इसमें एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा रोगों के उपचार और रोकथाम में मदद करते हैं।

## धर्म मंत्र

# हनुमान जी की पूजन से शांत हो जाएगा शनिदेव का गुस्सा

शनिवार का दिन शनिदेव और हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए बहुत अच्छा दिन माना जाता है। इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से दुख और भय से राहत मिलती हैं तो वहीं शनिदेव भी प्रसन्न होते हैं। हिंदू धर्म ग्रंथों में लिखा हैं, कि शनिदेव ने हनुमान जी के एक बार वचन दिया था और कहा था कि जो इंसान आपकी आराधना करेगा इसकी मैं हमेशा रक्षा करुंगा। इसी वजह से हनुमान जी के भक्तों पर शनिदेव की भी कृपा बनी रहती हैं। शनिदेव कभी भी हनुमानजी की पूजन करने वाले भक्तों का नुकसान नहीं करते हैं। तो फिर दोस्तों हर शनिवार को शनिदेव की पूजा के साथ श्री हनुमान जी की पूजा भी करें। अगर मंदिर नहीं जा पा रहे हैं तो घर में ही पूजन करें। सच्चे मन से आराधना करने पर श्री हनुमान जी जरुर प्रसन्न होते हैं और उनके भक्तों को हमेशा शुभ फल की प्राप्ति होती हैं। शनिवार के दिन सूर्योदय के समय स्नान करने के बाद श्री हनुमते नमः का मंत्र जाप करें। शनिवार को सुबह के समय तांबे के लोटे में जल और सिंदूर मिश्रित कर श्री हनुमान जी को अर्पित करें। लगातार दस शनिवार ऐसा करें और श्री हनुमान जी को गुड़ का भोग जरुर लगाएं। हर शनिवार को श्री हनुमान जी के चालीसा का पाठ जरुर करें। 10 शनिवार तक श्री हनुमान जी के मंदिर में या घर में श्री हनुमान जी के चित्र पर केले का प्रसाद चढ़ाएं। चमेली के तेल में सिंदूर मिलाकर श्री हनुमान जी को अर्पित करने से श्री हनुमान जी प्रसन्न होते हैं। यह उपाय शनिवार के साथ मंगलवार भी किए जा सकते हैं।

## पर्यटन



# खजुराहो के मंदिरों के दर्शन के बिना अधूरा है भारत भ्रमण

वह दिन आज भी मेरे स्मृति पटल पर तैर जाता है जब अपने मित्रों के साथ झांसी से प्रातः बस से रवाना होकर करीब चार धंटे का सफर तय कर विश्व में बेमिसाल कला के प्रतिमान मंदिरों की धरती खजुराहो पर कदम रखा था। मंदिरों के आसपास ही ठहरने के लिए दो कमरे लिए और अल्पाहार कर हम चल पड़े खजुराहो के मंदिरों के दर्शन करने के लिये। सबसे पहले हमारे सामने थे पश्चिम मंदिर समूह परिसर के एक विशाल उद्यान में ऊंचे शिखर वाले अनेक मंदिर जो ऊँचे चबूतरों पर बने हैं। हमारी मंदिर यात्रा का पहला मंदिर था मंतगेश्वर जो सबसे प्राचीन मंदिर है। पिरामिड शैली में बने मंदिर के गर्भगृह में करीब एक मीटर व्यास का ढाई मीटर ऊंचा शिवलिंग देखते ही बनता है। इसे 920 ई. में राजा हर्षवर्मन ने बनवाया था। इसके समीप ही स्थित विशाल लक्ष्मण मंदिर पंचायतन शैली में बना है जिसके चारो कोनों पर एक-एक उप मंदिर बने हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर रथ पर सवार सूर्यदेव नज़र आते हैं। मंदिर की बाह्य दीवारों पर असंख्य मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। मूर्तियों की भाव-भंगिमाएं, सुंदरता देखते ही बनती है। तीन कतारों में प्रमुख मूर्तियों की श्रृंखला है। कुछ कतारें छोटी मूर्तियों की हैं। मध्य ताखों में देव प्रतिमाएं हैं। नृत्य, संगीत, युद्ध, शिकार आदि प्रतिमाओं में तत्कालीन जीवन के दर्शन होते हैं। अन्य मूर्तियों में विष्णु, शिव, अग्निदेव, गंधर्व, सुर-सुंदरी, देवदासी, तांत्रिक, पुरोहित, और काम कला की प्रतिमायें हैं। एक मूर्ति में नायक-नायिका द्वारा एक-दूसरे को उत्तेजित करने के लिये नख-दंत का प्रयोग कर रहे हैं। मंदिर के गर्भगृह में भगवान विष्णु की त्रिमूर्ति प्रतिमा विराजित है। अंदर की दीवारों पर भी मूर्तियों का खजाना है। मंदिर के चबूतरे पर भी विविध विषयों के साथ सामूहिक मैथुन की मूर्तियां अद्भुत शिल्प लिये हैं। मंदिर के सामने लक्ष्मी मंदिर एवं वराह मंदिर बने हैं। पास में ही कंदारिया महादेव का मंदिर सभी मंदिरों से अलग है जो काम शिक्षा के लिए मशहूर है। मंदिर की बनावट और अलंकरण भी अत्यंत वैभवशाली है और मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। मंदिर का प्रवेश द्वार 9 शाखाओं से युक्त है, जिन पर कमल पुष्प, नृत्यमग्न अप्सराएं तथा व्याल आदि बने हैं। सरदल पर शिव की चारमुखी प्रतिमा बनी है।

# अव्यवस्थाओं का घर, टिकैतगंज डाकघर, जनमानस परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा, बाराबंकी। कभी अपनी बेहतर कार्यप्रणाली के लिए पहचाना जाने वाला डाक विभाग अब अव्यवस्थाओं के कारण चर्चा में है। कस्बा टिकैतगंज स्थित डाकघर शाखा इसका जीता-जागता उदाहरण बन गया है। शटर पर दोपहर 12 से 3 बजे तक खुलने का समय अंकित है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। मंगलवार को करीब एक बजे डाकघर पूरी तरह बंद मिला, जिससे दूर-दराज से आए लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या रोज की हो गई है। पैसे जमा-निकासी, रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट जैसी सेवाएं बाधित हो रही हैं। कई शिकायतों के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है, जिससे आमजन और आसपास के दुकानदार भी परेशान हैं।

# प्रखर व्यक्तित्व नेक दिल थे दादा संग्राम : गोप





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। दादा संग्राम सिंह बहुत ही नेक दिल मिलनसार स्वभाव के प्रखर व्यक्तित्व थे जो सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों की सहायता मदद के साथ पूरा मान सम्मान करते थे यही कारण है कि आज जनपद के कोने कोने में दादा संग्राम सिंह को लोग याद कर रहे हैं उनका कार्य व्यवहार विचार सदैव हम सबको गरीब कमजोर जरूरतमंद की सहायता करने के लिए प्रेरणा देते रहेंगे।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री स्वर्गीय दादा संग्राम सिंह वर्मा जी के चित्र पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा सुरेंद्र सिंह वर्मा एवं पार्टी के अन्य नेताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करने के उपरांत पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

श्रद्धांजलि सभा को पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद यादव, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप सिंह, राजेंद्र वर्मा पप्पू, सुरेश चंद्र गौतम, चौधरी जितेंद्र पटेल, दानिश सिद्दीकी, समीम चौधरी, जिला महामंत्री हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा बबलू आदि ने भी संबोधित किया।



## प्रेरणा दिवस पर महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लॉक सभागार में प्रेरणा दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका और सशक्तिकरण के लिए जागरूक किया गया। सहायक विकास अधिकारी जयराम वाल्मीकि ने बैंकिंग जानकारी दी, जबकि ब्लॉक मिशन प्रबंधक मोहम्मद इमरान ने ऐप संचालन की जानकारी दी। इस दौरान उर्मिला सिंह, मोहम्मद इमरान और अंजलि यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## अवैध मिट्टी खनन, छापा, लोडर व ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम हाजीपुर में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने छापा मारकर एक लोडर मशीन और मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया। दस्तावेज न मिलने पर वाहन पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

## विद्यालयों व मतदान केंद्रों का निरीक्षण, जर्जर बूथ बदलने की तैयारी



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने क्षेत्र के विद्यालयों और मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कई बूथ जर्जर पाए गए, जिन्हें बदलने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस दौरान तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता, एडीओ पंचायत मनोज मिश्रा, ग्राम पंचायत सचिव मनीष शुक्ला सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## आजमगढ़ में हत्या के पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में सिधारी थाना क्षेत्र के बाग लखराव में दो वर्ष पूर्व हुए पंकज हत्याकांड में अदालत ने मंगलवार को पांच आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष सत्र न्यायाधीश जैनुद्दीन अंसारी की अदालत ने सभी दोषियों पर 37-37 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार घटना 21 मार्च 2024 की है। वादिनी किरन के पति पंकज को गांव के ही गुड्डू भारती पंचायत के बहाने घर से बुलाकर ले गया था। इसके बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। सूचना मिलने पर जब किरन मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि निखिल भारती, गुड्डू भारती उर्फ कैलाश, वंश बहादुर, जंग बहादुर और गुलाबी देवी सहित अन्य लोग पंकज की पिटाई कर रहे थे। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गए, जबकि गंभीर रूप से घायल पंकज की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। मामले में एक आरोपी नाबालिग होने के कारण उसका मामला किशोर न्याय बोर्ड को भेजा गया। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह प्रस्तुत किए गए। साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## आप की पदयात्रा को मथुरा में मिला जनसमर्थन

मथुरा। आम आदमी पार्टी (आप) की 'रोजगार दोऽसामाजिक न्याय दो' पदयात्रा के पांचवें दिन मंगलवार को मथुरा में भारी जनसमर्थन देखने को मिला। राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में निकली यह पदयात्रा बलदेव स्थित होटल देवी कृपा से शुरू होकर महावन होते हुए गोकुल बैराज तक पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने फूल-मालाओं से पदयात्रा का स्वागत किया और बेरोजगारी तथा सामाजिक न्याय के मुद्दों पर समर्थन जताया। जनसभा को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि स्वास्थ्य, शिक्षा और पुलिस जैसे महत्वपूर्ण विभागों में भर्तियों को जानबूझकर धीमा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्थायी रोजगार देने के बजाय संविदा और ठेका प्रणाली में धकेला जा रहा है, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलने के बजाय उन्हें ही प्रताड़ित किया जा रहा है। साथ ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य न मिलने और मजदूर वर्ग की अनदेखी को भी उन्होंने गंभीर चिंता का विषय बताया। पदयात्रा की शुरुआत से पहले संजय सिंह ने बलदेव में श्री दाऊजी महाराज के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा अवैरनी चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## इग्नू के दीक्षांत समारोह में 4,092 छात्र-छात्राओं को दी गई उपाधियां

वाराणसी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का 39वाँ दीक्षांत समारोह मंगलवार को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के महामना सभागार, मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफ़ेसर अजित कुमार चतुर्वेदी उपस्थित रहे। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उपेंद्र नभ त्रिपाठी ने बताया कि इस बार वाराणसी क्षेत्रीय केंद्र से कुल 4,092 छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान की गईं। इनमें जेल में बंद कैदियों को भी उपाधियाँ भी शामिल हैं। इनमें 2,205 परास्नातक, 1,373 स्नातक, 429 डिप्लोमा और 85 प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट) प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएँ 39वें दीक्षांत समारोह के लिए योग्य पाए गए। इस दीक्षांत समारोह में क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी की दो छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। छात्रा इशिता त्रिपाठी को स्नातक स्तर पर तथा रोली सिंह को स्नातक (लोक प्रशासन) में गोल्ड मेडल इग्नू मुख्यालय द्वारा प्रदान किया गया। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, वाराणसी अपने 39 अध्ययन केंद्रों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के 19 जनपदों में स्थित दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुँच बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थियों की हर संभव सहायता के लिए केंद्र सूचना एवं जनसंचार के सभी माध्यमों का उपयोग कर रहा है।

# शिक्षा माफिया पर लगाम नहीं लगी तो होगा बड़ा आंदोलन : किसान क्रांति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। शिक्षा क्षेत्र में बढ़ती महंगाई को लेकर किसान क्रांति के ब्लॉक अध्यक्ष मसौली राहुल गुप्ता ने खंड शिक्षा अधिकारी मसौली को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि उनका संगठन लगातार नौजवानों, किसानों, मजदूरों एवं छात्रों के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में किताबों, ड्रेस और फीस में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे गरीब किसान अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ाने में असमर्थ हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शिक्षा क्षेत्र में ल्लमाफियाङ्क पर लगाम नहीं लगाई गई तो आगामी 15 दिनों के भीतर संगठन शिक्षा विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगा। इस दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग जिम्मेदार होंगे।

संगठन ने विभाग के सामने निम्नलिखित मांगें रखीं- स्कूलों द्वारा बढ़ाई गई फीस कम की जाए। जिन परिवारों की वार्षिक आय 42,000 रुपये से कम है, उनके बच्चों की शिक्षा मुफ्त की जाए। फीस के नाम पर किसी भी छात्र को प्रताड़ित न किया जाए। किसी भी कक्षा का सिलेबस और ड्रेस कम से कम 5 वर्ष तक न बदला जाए, ताकि एक ही परिवार के अन्य बच्चे उसी का उपयोग कर सकें। सरकारी स्कूलों में शिक्षा और मिड-डे मील की गुणवत्ता में सुधार किया जाए। प्राइवेट स्कूल वाहनों की फिटनेस की जांच हो और क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वालों पर कार्रवाई की जाए। बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद किया जाए। संगठन ने कहा कि यदि इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान क्रांति प्रशासन के खिलाफ आंदोलन के लिए तैयार है। इस मौके पर महिला ब्लॉक अध्यक्ष गुड़िया रावत, महिला उपाध्यक्ष विमला देवी, ब्लॉक महासचिव मनोज यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलाउद्दीन अंसारी सहित अन्य किसान क्रांति कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उमरा विद्यालय में वार्षिक उत्सव व स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा, बाराबंकी। उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरा में वार्षिक उत्सव, रिपोर्ट कार्ड वितरण एवं ल्लस्कूल चलो अभियानङ्क का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर एवं प्रभारी प्रधानाध्यापिका ज्योति सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा आठ के विद्यार्थियों को फ़ेयरवेल दिया गया तथा कक्षा 6, 7 व 8 के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। छात्र निशि को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

# नए खंड शिक्षा अधिकारी ने संभाला कार्यभार, 100 फीसदी नामांकन पर जोर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्रा ने एबीएसए कार्यालय परसा में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालयों की स्थिति और नामांकन की जानकारी ली तथा ल्लस्कूल चलो अभियानङ्क के तहत 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आशुतोष वर्मा, दिलीप तिवारी, विशेष सिंह, अशुतोष वर्मा, नवीन मिश्रा, शिवाजी मिश्रा, मनीष बैसवार, रामपाल रावत, रामानंद, रुद्र प्रताप पांडे, विजय कुमार यादव, सौरभ दीक्षित, राजेश जसवाल, सारिका कनौजिया, निधि राज, प्रिया वर्मा और रुचि गुप्ता सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, रुदौली वापसी पर अडे!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। नरेंद्र वर्मा अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने विशाल प्रदर्शन किया। प्रमुख मांगों में जूनियर अधिवक्ताओं को 5000 रुपये मासिक भत्ता, दिवंगत अधिवक्ताओं की पत्नियों को 20000 रुपये सहायता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं को 20000 रुपये पेंशन, टोल टैक्स माफी, रुदौली तहसील को पुनः बाराबंकी में जोड़ने तथा बाराबंकी को लखनऊ मंडल में शामिल करने की मांग शामिल रही।

अतिरिक्त उपजिलाधिकारी समतबरेज जी ने ज्ञापन लेकर मुख्यमंत्री को प्रेषित करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर रितेश मिश्रा, रामराज यादव, पवन मिश्रा, मनोज सिंह, देवराम यादव, अनुराग शुक्ला, राहुल वर्मा, नवनीत वर्मा, पंकज रावत, अमरीस श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, संतोष कुमार, सतीश सोनी, सी बी सिंह, त्रिभुवन यादव, नवीन वर्मा, रमेश वर्मा एडवोकेट सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सीएम योगी का विजन: देश में मॉडल बना गोरखपुर नगर निगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- देश के पहले एआई आधारित अर्बन फ्लड मैनेजमेंट सिस्टम को पीएमओ व नीति आयोग ने भी सराहा
- एआई बेस्ड फोरकास्टिंग, सेंसर बेस्ड मॉनिटरिंग व ऑटोमैटिक पंप सिस्टम ने किया कमाल, मानसूनी जलभराव दूर करने में 65 फीसदी से अधिक सुधार

गोरखपुर। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल ट्विन टेक्नोलॉजी और फ्लड मॉडलिंग जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से जीवन को सुगम बनाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार जोर देते रहे हैं। उनके इसी विजन को धरातल पर उतारते हुए गोरखपुर नगर निगम ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। नगर निगम द्वारा विकसित एआई आधारित अर्बन फ्लड मैनेजमेंट सिस्टम ने मानसूनी जलभराव की समस्या को कम करने में 65 प्रतिशत से अधिक सुधार दर्ज किया है। गोरखपुर में देश का पहला एआई-आधारित अर्बन फ्लड मैनेजमेंट सेल (यूएफएमसी) स्थापित किया गया है, जिसे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) व नीति आयोग से सराहना मिल रही है।

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के अनुसार, यूएफएमसी स्थापित करने से 24 घंटे पहले ही वर्षा व जलभराव का पूर्वानुमान 80 प्रतिशत से अधिक सटीक हो गया है। ट्रायल फ़ेज में 250 से अधिक शिकायतों में से 70 प्रतिशत का समाधान कुछ घंटों में हो गया। जबकि समग्र प्रणाली दक्षता में 65 प्रतिशत से अधिक सुधार देखा गया। इस प्रणाली में एआई आधारित वर्षा पूर्वानुमान, सेंसर आधारित जलस्तर मॉनिटरिंग और स्टॉर्म वाटर मॉडलिंग को एकीकृत किया गया है। जैसे ही जलस्तर बढ़ता है, सेंसर अलर्ट भेजते हैं और ऑटोमेटेड पंपिंग सिस्टम तुरंत सक्रिय हो जाता है, जिससे जलभराव वाले इलाकों में रियल-टाइम समाधान सुनिश्चित होता है।

नीति आयोग ने अपने मूल्यांकन में पाया कि गोरखपुर मॉडल डेटा-आधारित पूर्वानुमान के जरिए देशभर के शहरी निकायों की आपदा प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत कर सकता है। इसे प्रतिक्रियात्मक (टद्धथदप्द्धफ्द्ध) से सक्रिय शहरी प्रबंधन की दिशा में एक बड़ा बदलाव माना गया है। इस अर्बन फ्लड मैनेजमेंट सेल (यूएफएमसी) का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 जुलाई 2025 को किया था। यह एक उन्नत अर्बन फ्लड अर्ली वार्निंग और डिसीजन सपोर्ट सिस्टम है। नगर आयुक्त बताते हैं कि शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत दो प्रमुख पहलुओं पर कार्य किया गया है। पहला, अर्बन फ्लड अर्ली वार्निंग सिस्टम, जो नागरिकों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए चेतावनी और वास्तविक समय पर सूचना उपलब्ध कराता है। दूसरा, डिसीजन सपोर्ट सिस्टम, जो शहर के लिए दीर्घकालिक योजना और नीति निर्माण में सहायता प्रदान करता है ताकि भविष्य में बाढ़ प्रबंधन क्षमताओं को अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाया जा सके। गोरखपुर मॉडल का यह समग्र दृष्टिकोण शहर को न केवल वर्तमान आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम बनाता है, बल्कि भविष्य में जनहानि एवं धनहानि के खतरे को भी कम करता है। इस परियोजना के अंतर्गत शहर के सभी महत्त्वपूर्ण नालों, सभी उपकरणों तथा सभी जिम्मेदार अधिकारियों एवं टीमों को उनके संपर्क विवरण सहित मैप किया गया है। शहर में कुल 28 जलभराव हॉटस्पॉट और 85 पॉइंट्स ऑफ इंटरेस्ट चिह्नित किए गए हैं, जो जलभराव की दृष्टि से अधिक संवेदनशील हैं। शहर के सभी पंपिंग स्टेशनों का पूर्ण ऑटोमेशन किया गया है।

24 7 इमरजेंसी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो लगातार निगरानी और समन्वय का कार्य करता है। नागरिकों के लिए ग्रीवांस पोर्टल तैयार किया गया है, जिससे किसी भी समस्या की सूचना और उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर में नगर निगम द्वारा दो ऑटोमैटिक रेन गेज भी लगाए गए हैं, जो हर 15 मिनट पर बारिश से जुड़ी जानकारी देते हैं। प्राइमरी व सेकंडरी नालों पर कुल 110 ऑटोमैटिक वाटर लेवल रिकॉर्डर लगाए गए हैं। ये सेंसर हर 2 से 15 मिनट में जलस्तर से संबंधित सूचनाएं भेजते हैं। जब नालों में जलस्तर 80 प्रतिशत से अधिक हो जाता है, तो संबंधित अधिकारियों को ऑटोमेटेड अलर्ट्स पहुंचने लगते हैं। जब सम्प वेल्स में जलस्तर 60 प्रतिशत से अधिक होता है, ऑटोमेटिक सिस्टम के माध्यम से पंप स्वतः चालू हो जाते हैं। ईंधन की कमी और पंप के रखरखाव से संबंधित चेतावनियां भी अधिकारियों को समय रहते मिल जाती हैं। ''पूर्वानुमान करें, तैयार रहें, और सुरक्षा सुनिश्चित करें। बारिश से पहले, अर्बन फ्लड मॉडलिंग के माध्यम से यह पूर्वानुमान लगाया जाता है कि अगले दिन शहर के किन क्षेत्रों में जलभराव की संभावना है।

**सूचना**

मै अजीत प्रताप सिंह पुत्र श्री कौशलेंद्र वीर विक्रम सिंह निवासी पूरेदेवीदास मजरे मझ्पुर का मूल निवासी हूँ मेरे डीएल ड्राइविंग लाइसेंस में पिता जी का नाम कौशलेंद्र सिंह है जो कि गलत है मेरे सभी दस्तावेजों में कौशलेंद्र वीर विक्रम सिंह है वही सत्य है ।

प्रार्थी- अजीत प्रताप सिंह पुत्र श्री कौशलेंद्र वीर विक्रम सिंह निवासी पूरेदेवीदास मजरे मझ्पुर त्रिवेदीगंज बाराबंकी।





# गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर रहेगी नजर

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी मजबूती बनाए रखना है तो बुधवार को यहां होने वाले मैच में गुजरात टाइटंस की लड़खड़ाती टीम के खिलाफ केएल राहुल की अगुवाई वाले उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे वह पिछले कुछ मैच जीतने में सफल रही। बल्लेबाजी में उसकी तरफ से 22 वर्षीय समीर रिजवी ने अधिक जिम्मा संभाला है। इस युवा बल्लेबाज ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करके प्रभावित किया है। अगर राहुल और शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज लय में आ जाते हैं, तो दिल्ली कैपिटल्स और भी मजबूत टीम बन जाएगी। राहुल अपनी शुरुआती दो पारियों में जिस तरह से आउट हुए हैं, उसके लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता और वह किसी भी समय बड़ी पारी खेल सकते हैं। तीसरे नंबर पर हालांकि नीतीश राणा असफल रहे हैं और लग रहा है कि वह इस नंबर पर ज्यादा दबाव महसूस कर रहे हैं। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने यहां पिछले मैच में अपनी लय हासिल कर ली थी, जिससे उन्हें पावरप्ले में गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाजों कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज की जोड़ी का सामना करने के लिए जरूरी आत्मविश्वास मिलेगा। आईपीएल में लगातार तीसरा अर्धशतक (एक अर्धशतक पिछले सत्र के अपने आखिरी मैच में लगाया था) लगाने वाले रिजवी आक्रामक फॉर्म में हैं। उनमें स्पिनरों की जमकर धुनाई करने की क्षमता तो पहले से थी ही, लेकिन अब वह तेज गेंदबाजों को भी नहीं बख्श रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने पारी के शुरू में संयमित रवैया अपनाया लेकिन बाद में उन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। दिल्ली की तरफ से गेंदबाजों में मुकेश कुमार ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, वहीं कप्तान अक्षर पटेल पावरप्ले और बीच के ओवरों दोनों में प्रभावी रहे हैं। लुंगी एनगिडी ने दिल्ली की गेंदबाजी इकाई को मजबूती प्रदान की है, जिसमें टी नटराजन और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी शामिल हैं। इसके विपरीत गुजरात टाइटन्स एक ऐसी टीम है जो दोनों विभाग में लड़खड़ा रही है। गुजरात टाइटन्स अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर जरूर से ज्यादा निर्भर नजर आ रही है और उसका मध्यक्रम नहीं चल पा रहा है। गुजरात टाइटन्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 205 रन का लक्ष्य से हासिल कर लेना चाहिए था, लेकिन सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन से मिली अच्छी शुरुआत का मध्यक्रम के बल्लेबाज फायदा नहीं उठा सके। ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों को दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।

# हमें खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा: क्लासेन

एजेंसी




नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उम्मीद जताई कि सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अच्छी शुरुआत नहीं करने के बावजूद आगे खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेगा। सनराइजर्स को अपने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उसने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हराया। पिछले मैच में हालांकि उसे लखनऊ सुपर जायंट्स ने पांच विकेट से करारी शिकस्त दी। क्लासेन ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''हमारी बल्लेबाजी अब तक ठीकठाक रही है, लेकिन हमने तीन मैचों में लगभग 40 रन कम बनाए। हमें बल्लेबाजी में और सुधार करने की जरूरत है। जिन दो मैचों में हमें संघर्ष करना पड़ा, उनमें हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमारे गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें 220-230 रन बनाने होंगे ताकि हमारे गेंदबाजों को लक्ष्य का बचाव करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा, ''हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं रही है और इससे हमारा प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। मैं अभी तक हमें 10 में से छह अंक दूंगा। हमने कुछ चरणों में शानदार क्रिकेट खेली लेकिन खेल के महत्वपूर्ण मौकों पर चूक गए। क्लासेन ने कहा, ''हमारे गेंदबाजों ने रणनीति के अनुसार गेंदबाजी की है लेकिन हमारी फील्डिंग में सुधार की जरूरत है। हमें कैच लेने होंगे। हमें खेल के तीनों विभाग में सुधार करके अपनी लय बनानी होगी। क्लासेन ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और अब केवल फ्रेंचाइजी लीग में ही खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में अर्धशतक बनाए और वह अपनी फॉर्म से खुश हैं। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्यवश हम दो मैच हार गए, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए यह अच्छी शुरुआत रही है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मैं इन दिनों ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं।

# संक्षिप्त समाचार

## नजफगढ़ का 'प्रिंस': जिसने आईपीएल का सपना पूरा करने के लिए कांस्टेबल की परीक्षा छोड़ दी थी

**नयी दिल्ली।** कुछ साल पहले तक नजफगढ़ में रहने वाले रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सब इंस्पेक्टर (एएसआई) राम निवास यादव अपने सबसे छोटे बेटे प्रिंस के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे, जिसकी दिलचस्पी केवल टेनिस बॉल टूर्नामेंट में यॉर्कर गेंदबाजी करने में थी। लेकिन इस युवा क्रिकेटर को खुद पर भरोसा था और उसने अपने पिता से सीधे शब्दों में कह दिया, ''आप मेरी चिंता करना छोड़ दो। मैं अपने से कुछ कर लूंगा। अब बात करते हैं 2026 की। वह बेपरवाह दिखने वाला लड़का अपने वादे पर खरा उतर चुका है। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस स्विंग गेंदबाज का नाम है प्रिंस यादव, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अक्षर पटेल और ईशान किशन जैसे अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों के डिफेंस को भेदने में सफल रहा। प्रिंस के पिता रामनिवास ने कहा, ''कोई भी पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित होगा और मैं भी था। 18 साल की उम्र तक उसने चमड़े की गेंद से एक बार भी गेंदबाजी नहीं की थी। मैंने उसे दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर किया। वह शारीरिक रूप से फिट था, लेकिन लिखित परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार नहीं था क्योंकि उसका ध्यान कहीं और था। रामनिवास ने आखिर अपने बेटे की जिद मान ली क्योंकि उनके पास अपने बेटे का साथ देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा, ''बेटे की ज़िद है और हमें पूरा करना था। एक एएसआई के वेतन में कितना ही गुज़ारा हो पाता है। लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने उसे अपनी इच्छा पूरी करने दी। प्रिंस के शानदार प्रदर्शन के बाद अब नजफगढ़ के खेड़ा डाबर गांव से भी लोग उनके घर पर बधाई देने के लिए आने लगे हैं। उन्होंने कहा, ''पहले हमारे इस इलाके को लोग इसलिए जानते थे क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति साहिबा (प्रतिभा पाटिल) चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेदिक संस्थान का उद्घाटन करने (2012में) यहां आई थी। अब हमारा इलाका क्रिकेट के लिए फ़ेमस हो गया है। राम निवास के अनुसार प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ और भारत के अंडर-19 विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने उनके खेल में निखार लाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, मैं अमित सर का जितना भी शुक्रिया अदा करूं, कम है। उन्होंने प्रिंस को टेनिस टूर्नामेंट खेलते हुए देखा और उसे नजफगढ़ स्थित अपनी अकादमी से जुड़ने के लिए कहा। प्रदीप जी (सांगवान) भी अमित सर के शिष्य थे और उन्होंने प्रिंस को फिटनेस में मदद की। एक समय ऐसा भी था जब प्रिंस अपनी पीठ पर रेत की बोरी बांधकर धान के खेतों में दौड़ते थे ताकि उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा मजबूत बन जाए। रामनिवास ने कहा, ''प्रदीप ने उसका बहुत मार्गदर्शन किया और अमित सर ने उसके खेल में सुधार किया। मैं डीपीएल (दिल्ली प्रीमियर लीग) और नयी दिल्ली टीम को कैसे भूल सकता हूं। अगर डीपीएल नहीं होता, तो मुझे नहीं लगता कि मेरे बेटे की प्रगति इतनी तेज़ होती। इसलिए मैं डीडीसीए और विजय दहिया सर का भी आभारी हूं। प्रिंस के कोच वशिष्ठ ने कहा, ''वह यॉर्कर गेंदें फेंक सकता था और टेनिस बॉल को भी अच्छी गति से स्विंग करा सकता था। जब मैंने उसे देखा तो मैंने उसके दोस्तों से कहा कि वे उसे मुझसे मिलने के लिए कहें। वह पहले से ही 18 साल का था और उसके पास अपनी काबिलियत साबित करने के लिए बहुत कम समय था। वशिष्ठ को लगता है कि प्रिंस की कड़ी मेहनत करने की क्षमता ही उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। उन्होंने कहा, ''वह कड़ी मेहनत करने से पीछे नहीं हटा। वह दिल्ली की भीषण गर्मी में भी दो घंटे गेंदबाजी कर सकता है। प्रदीप के साथ काम करने से उसकी फिटनेस में सुधार हुआ है। वह जहीर खान और भरत अरुण से भी टिप्स ले चुका है। अब उसकी सफलता की कोई सीमा नहीं है।

## चार मैच की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**नयी दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी। इस श्रृंखला के मैच 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफार्मेंस एथलेटिक्स सेंटर (जिसे सीएएनएआरडी के नाम से भी जाना जाता है) में खेलेगी। भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल में कुछ कड़े मुकाबले खेले गए हैं। इनमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 का मैच भी शामिल है जिसका फैसला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किया गया। भारतीय टीम का यह दौरा बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इससे भारतीय टीम को विभिन्न संयोजन आजमाने का मौका भी मिलेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, ''हम 24 खिलाड़ियों की टीम के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं। यह एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है। इस दौरे का उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका देना है। अर्जेंटीना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और इस श्रृंखला से हमें प्रति खिलाड़ी को परखने का मौका मिलेगा। हम देखना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर कौन बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा, ''इस टीम में जगह बनाने के लिए आपको सबसे पहले यह साबित करना होगा कि आप एक 'टीम प्लेयर' हैं। व्यक्तिगत प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन अगर आप इस टीम के साथ तालमेल नहीं बिठा सकते और एक-दूसरे की मदद नहीं कर सकते हैं तो आपके लिए इस टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा। पुरुषों और महिलाओं दोनों का विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में एक साथ आयोजित किया जाएगा, जबकि एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होंगे।


## एसी मिलान को हराकर नेपोली ने खिताब की उम्मीदें जीवंत रखी

**तूरिन (इटली)।** स्थानापन्न खिलाड़ी मैटियो पोलिटानो के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से नेपोली ने एसी मिलान को 1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपोली इस मैच से पहले एसी मिलान से एक अंक और शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से 10 अंक पीछे तीसरे स्थानर पर था। इन दोनों क्लब के लिए खिताब की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। मैच में हालांकि गोल करने की बहुत कम मौके बने और ऐसे में पांच मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने वाले पोलिटानो का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नेपोली के 31 मैच में 65 अंक हो गए हैं जबकि एसी मिलान के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। इंटर मिलान 31 मैच में 72 अंक लेकर अब भी खिताब की दौड़ में सबसे आगे बना हुआ है। एक अन्य मैच में युवेंटस ने जेनोआ को 2-0 से हराया। इस जीत से युवेंटस ने चौथे स्थान पर काबिज कोमो से अंतर को घटाकर एक अंक कर दिया। कोमो को उडिनीस ने गोलरहित से ड्रॉ पर रोका।

# असफलताओं से मिलती है आगे और ज्यादा मेहनत करने की सीख : देवदत्त पडिक्कल

एजेंसी

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने टीम की शुरुआती दोनों जीत में अहम भूमिका निभाई है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंदों में 50 रन और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंदों में 61 रन की पारी खेलकर उन्होंने अपने बेहतरीन फॉर्म का परिचय दिया है। पडिक्कल का यह प्रदर्शन केवल रन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके खेल में आए बदलाव और मानसिक मजबूती को भी दर्शाता है। आईपीएल में अपने शुरुआती दौर में तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज के रूप में पहचान बनाने वाले पडिक्कल ने समय के साथ अपने खेल में बदलाव किया है। अपने कठिन दौर को याद करते हुए पडिक्कल ने कहा, जब चीजें मेरे अनुसार नहीं हुईं तो मेरे पास कोई जवाब नहीं था, लेकिन उसी दौर ने मुझे बेहतर बनने की प्रेरणा दी। कई बार असफलताएं ही आपको याद दिलाती हैं कि आपको और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। पडिक्कल की 2025 में आरसीबी में वापसी उनके करियर का अहम मोड़ साबित हुई। टीम के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने बताया कि पडिक्कल टीम के लिए खेलने को लेकर बेहद उत्साहित थे। कार्तिक ने कहा, पहली बातचीत में ही उन्होंने कहा था कि वह आरसीबी के अलावा किसी और टीम के लिए खेलने की कल्पना भी नहीं कर सकते। वह शुरू से ही टीम के लिए कुछ खास करने के मिशन के साथ आए थे। आरसीबी में दोबारा मौका मिलने के बाद पडिक्कल ने अपने खेल में बदलाव करने का फैसला किया। खासकर टी20 क्रिकेट में तेजी से रन बनाने की क्षमता पर उन्होंने काफी काम किया। पडिक्कल ने कहा, मैंने तय किया कि मुझे अपने खेल में बदलाव करना होगा और परिणाम की चिंता किए बिना उस पर काम करना होगा। यह आसान नहीं था, क्योंकि मैं एक खास तरीके से खेलते हुए बड़ा हुआ हूं, लेकिन मुझे अपने कंफर्ट जोन से बाहर आना जरूरी लगा। उन्होंने 2025 सीजन में 10 मैचों में 150 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाए थे। आईपीएल 2026 में पडिक्कल का यह विकास अब प्रदर्शन में साफ नजर आ रहा है। जहां सीएसके के खिलाफ उनकी पारी में संतुलित आक्रामकता दिखी, वहीं एसआरएच के खिलाफ उन्होंने और तेज अंदाज में बल्लेबाजी की। पडिक्कल ने कहा, ल्ल2020-21 में मैं एक युवा खिलाड़ी के तौर पर थोड़ा घबराया रहता था, लेकिन अब मैंने आईपीएल के दबाव को संभालना सीख लिया है। अब मैं ज्यादा शांत और आत्मविश्वासी महसूस करता हूं और अपने खेल का आनंद ले रहा हूं। उनकी प्रगति पर दिनेश कार्तिक ने कहा, 2025 में आरसीबी में आने वाले पडिक्कल पहले से बिल्कुल अलग खिलाड़ी थे। उन्होंने अपने खेल को जिस तरह ढाला है, वह शानदार है। अगर वह इसी फॉर्म में बने रहते हैं, तो भारतीय टीम उन्हें नजरअंदाज नहीं कर सकती।



## भारत की अंडर17 महिला फुटबॉल टीम रूस के खिलाफ सोची में तीन मैत्री मैच खेलेगी

नयी दिल्ली। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम रूस के खिलाफ 11 से 17 अप्रैल तक सोची में तीन मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम की मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह मैच 11, 14 और 17 अप्रैल को सोची के मात्सेस्टा फुटबॉल सेंटर में खेले जाएंगे। इस साल चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम सोमवार देर रात सोची पहुंची। भारतीय महिला टीम पिछले महीने यांगून गई थी जहां उसने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले। इन दोनों मैच में उसने जीत (2-0 और 3-2) हासिल की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया था। सूज़ौ में होने वाले एशियाई कप में भारत को ग्रुप बी में रखा गया है।

# केंद्र सरकार उद्योगों को देगी राहत, स्पेशल क्रेडिट गारंटी स्कीम का ड्राफ्ट तैयार

एजेंसी




नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी जंग के कारण दुनिया के तमाम देशों की तरह ही भारत की अर्थव्यवस्था पर भी लगातार दबाव बढ़ रहा है। इस दबाव की वजह से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के साथ ही सप्लाई और सर्विस सेक्टर पर भी काफी नकारात्मक असर पड़ा है। संकट की स्थिति में केंद्र सरकार जल्दी ही बड़ा राहत पैकेज जारी करने का ऐलान कर सकती है। स्पेशल क्रेडिट गारंटी स्कीम नाम के ढाई लाख करोड़ के इस राहत पैकेज का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि जल्दी ही इस ड्राफ्ट को कैबिनेट की मंजूरी मिल सकती है। इस राहत पैकेज को कोरोना संकट के दौरान साल 2020 में लाई गई इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीजीएलएस) के तर्ज पर तैयार किया गया है। हालांकि इस राहत पैकेज का दायरा और बजट ईसीजीएलएस की तुलना में काफी अधिक बड़ा होगा। जानकारों के अनुसार इस क्रेडिट गारंटी स्कीम के जरिए केंद्र सरकार उन सभी सेक्टर्स को वित्तीय सहायता देगी, जो पश्चिम एशिया में जारी जंग की वजह से प्रभावित हुए हैं। खासकर, जिन सेक्टर्स को युद्ध के कारण सप्लाई चेन बाधित होने की वजह से बढ़ी हुई लागत का सामना करना पड़ रहा है, उन्हें इस राहत पैकेट के जरिए वित्तीय सहायता देकर लिक्विडिटी क्रंच से बचाने की कोशिश की जाएगी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राहत पैकेज के तहत नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) के जरिए कंपनियों को दिए जाने वाले कर्ज पर केंद्र सरकार 90 प्रतिशत की क्रेडिट गारंटी देगी। क्रेडिट गारंटी का मतलब है कि अगर कर्ज लेने वाली कोई कंपनी किस्तों का भुगतान करने में विफल रहती है, तो बैंक को होने वाले नुकसान के 90 प्रतिशत हिस्से की भरपाई केंद्र सरकार करेगी। सरकार की इस गारंटी के कारण बैंक बिना किसी डर के जरूरतमंद कंपनियों को कर्ज दे सकेंगे। कोरोना काल में शुरू की गई इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम की तरह ही इस राहत पैकेज में भी कर्ज लेने वाली कंपनियां को कोई अतिरिक्त सुरक्षा या अतिरिक्त गारंटी देने की जरूरत नहीं होगी। इस योजना के लिए चार साल की अवधि का प्रस्ताव किया गया है।

# कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल, डब्ल्यूटीआई 116 डॉलर प्रति बैरल के पार

एजेंसी



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध संकट और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई चेतावनी के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 3 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है, जिससे कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत में 3 फीसदी से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है। मई में आपूर्ति वाले वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चे तेल का वायदा भाव 4.14 डॉलर यानी 3.7 फीसदी की बढ़त के साथ 116.55 डॉलर प्रति बैरल हो गया। ब्रेंट तेल के जून में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 1.5 फीसदी चढ़कर 111.40 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। ब्रेंट क्रूड ने पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत के बाद से 60 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। विश्लेषकों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में वैश्विक आपूर्ति के जटिल हालात और ऊर्जा निर्यात के लिए महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर मौजूदा अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। व्यापारियों को आपूर्ति में संभावित बाधा और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर चिंता बनी हुई है।

# एयर इंडिया की घरेलू उड़ानें 899 रुपये तक महंगी, नया किराया 8 अप्रैल से होगा लागू

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में भारी बढ़ोतरी का असर अब हवाई यात्रियों की जेब पर पड़ने वाला है। देश की प्रमुख एयरलाइन एयर इंडिया ने लागत के बढ़ते दबाव को देखते हुए अपने फ्यूल सरचार्ज में बदलाव का फैसला लिया है। नई दरें 8 अप्रैल से प्रभावी होंगी। एयर इंडिया समूह ने मंगलवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर संशोधित ईंधन अधिभार बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइन के इस कदम के बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों की कीमतों में अब इजाफा होना तय है, जिससे आने वाले दिनों में डोमेस्टिक फ्लाइट में किराया 299 रुपये लेकर 899 रुपये तक बढ़ जाएगा। अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट टिकटों के दाम 2,200 रुपये लेकर 26 हजार रुपये तक बढ़ जाएंगे। एयरलाइन ने कहा कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय के घरेलू एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एफटीए) की कीमतों में बढ़ोतरी की सीमा 25 फीसदी तय करने के निर्णय के बाद एयर इंडिया समूह भी इसी संतुलित दृष्टिकोण को अपना रहा है। इसके तहत घरेलू उड़ानों पर लगने वाले एक समान सरचार्ज को हटाकर दूरी पर आधारित एक नई ग्रिड प्रणाली लागू की जा रही है, जो 08 अप्रैल से प्रभावी होगी, जिसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें भी शामिल हैं। एयर इंडिया के मुताबिक जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी होने के कारण उड़ानों की लागत बढ़ गई है। विमान ईंधन की औसत कीमत 195.19 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई है, जो फरवरी के अंत में 99.40 डॉलर थी। इससे पहले इंडिगो ने भी फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया था। एयरलाइंस का फ्यूल सरचार्ज टिकट पर लगने वाली वह एक्स्ट्रा फीस है, जो तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वसूली जाती है।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,38,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु आज भी दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार के भाव यानी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,50,800 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,38,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,50,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,38,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,50,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# पाकिस्तान कितने टुकड़ों में बंटेगा, भगवान ही जाने : राजनाथ

## कोलकाता पर हमले की पाकिस्तानी धमकी पर राजनाथ बोले- टुकड़े-टुकड़े कर देंगे

एजेंसी



कोलकाता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ द्वारा कोलकाता पर हमले की धमकी देने वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पाकिस्तान को इस तरह की भड़काऊ और गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी से बचना चाहिए, अन्यथा उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में चुनाव प्रचार के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि उस युद्ध के बाद पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था और बांग्लादेश का गठन हुआ था। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान इस बार पश्चिम बंगाल की ओर बुरी नजर डालने की कोशिश करेगा तो इस बार उसके कितने टुकड़े होंगे, यह केवल भगवान ही जानते हैं। क्या कहा था पाकिस्तान के रक्षा मंत्री नेपाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने 04 अप्रैल को सियालकोट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारत को धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि यदि भारत कोई झूठा हमला (फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन) करने की कोशिश करता है तो संघर्ष केवल सीमा तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है। उनके इस बयान के बाद भारत में राजनीतिक प्रतिक्रिया तेज हो गई और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका सार्वजनिक रूप से जवाब दिया।राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को इतिहास से सबक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 55 वर्ष पहले 1971 में जब युद्ध हुआ था तो पाकिस्तान को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़े थे। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान ने फिर कोई दुस्साहस किया तो परिणाम और भी अधिक गंभीर हो सकते हैं।उन्होंने पाकिस्तान को उकसाने वाली बयानबाजी से बचने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने की दिशा में काम करने की सलाह दी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब पाकिस्तान कोलकाता पर हमले की बात करता है तब केंद्र सरकार को स्पष्ट प्रतिक्रिया देनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री चुनावी रैलियों में तो पश्चिम बंगाल की आलोचना करते हैं, लेकिन बाहरी धमकियों पर चुप रहते हैं। ममता सरकार पर राजनाथ सिंह का निशानाअपने भाषण में राजनाथ सिंह ने ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में उत्पीड़न और विश्वासघात की राजनीति हुई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के तीन कार्यकाल के दौरान राज्य की आर्थिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां देश के अन्य राज्यों में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है, वहीं पश्चिम बंगाल में निवेश का माहौल कमजोर हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई उद्योग राज्य से बाहर चले गए हैं और नए निवेशक भी यहां आने से हिचकिचा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान तृणमूल कांग्रेस के नारे बांग्ला निजेर मेयेकेई छाय (बंगाल अपनी बेटी को ही चाहता है) का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जनता ने तीन बार अपनी बेटी को चुना, लेकिन बदले में उन्हें विश्वासघात मिला। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी तीन बार मुख्यमंत्री बनीं लेकिन राज्य की जनता को अपेक्षित विकास नहीं मिल पाया।

# पेज एक का शेष

### 403 करोड़ रुपये ...

